रोहतक
शनिवार, 22 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 50
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.6
न्यून. 11.1

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,905.51 | 557.45 ▲ |
| निफ्टी | 23,350.40 | 159.75 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 91,250 /- | 400/- ▼ |
| चांदी | 1,00,300/- | 1700/- ▼ |

*(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)*

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 86.00 | 36 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल | 71.85/ बैरल | 0.21% ▼ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

(फीचर इम्पैक्ट)

# 8वीं,10वीं व 12वीं के बाद हरियाणा के ज्यादातर विद्यार्थी आवर्स अकेडमी, हिसार पर ही क्यों करते हैं भरोसा?

### लड़के व लड़कियों के लिए अलग हॉस्टल की सुविधा



ऑवर्स में पूरे प्रदेश से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आते है जिसमें विद्यार्थियों व अभिभावकों के मन में परेशानी सुरक्षित रहने की होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए ऑवर्स संस्थान ने अपना स्वयं संचालित लड़के व लड़कियों के अलग-अलग हॉस्टल का निर्माण करवाया है। जो कि पूर्णतया वातानूकूलित है। इसमें विद्यार्थियों को वो तमाम सुविधा दी गई है जिससे वो इसमें घर जैसी सुविधा का लाभ उठा सके तथा अभिभावक भी अपने बच्चों की रहने की चिंता से मुक्त हो सकें। हॉस्टल में पौष्टिक खाना व विद्यार्थियों की तरह की सुविधा का विशेष तौर पर ख्याल रखा जाता है। ताकि उसे अपने घर की कमी महसूस नहीं हो।

हिसार में स्थित एशिया की नंबर वन यूनिवर्सिटी चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, जिसमें पढ़कर लाखों छात्रा-छात्राएं अपना भविष्य बना चुके हैं। हरियाणा प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे देश-विदेश से विद्यार्थी यहां दाखिला लेना अपना सौभाग्य समझते हैं। यह विश्वविद्यालय अनेकों कोर्स विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध करवाती है। जिनमें विद्यार्थी अपना कैरियर बना सकते हैं। इन्हीं कोर्सों में बीएससी एग्रीकल्चर भी एक ऐसा कोर्स है जिसमें दाखिला लेकर लाखों विद्यार्थियों ने अपने आप को एक सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसित कर लिया है।

इस क्षेत्र में अनेकों विद्यार्थियों ने सरकारी व गैर सरकारी क्षेत्रों में लाखों रूपए के पैकेज में नौकरियां व अपना व्यवसाय शुरू किया है। यही कारण है कि हर साल इस विश्वविद्यालय के कोर्सों में विद्यार्थियों में दाखिला लेने की एक होड़ लगी रहती है। उन्हें मालूम है कि सीमित सीटों पर यदि उनका इस विश्वविद्यालय में प्रवेश हो जाता है फिर उनको पीछे मुड़कर देखने की आवश्यकता नहीं है।

### आवर्स एडमिशन एव स्कॉलरशिप टैस्ट 23 मार्च को

**हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आवर्स एकेडमी अपने प्रांगण में स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन करेगा। जिसमें हरियाणा व अन्य राज्यों से हजारों विद्यार्थी हिस्सा लेते हैं। यह स्कॉलरशिप टेस्ट 23 मार्च रविवार को प्रात: 10 बजे आवर्स एकेडमी पर आयोजित किया जाएगा। विद्यार्थी इस टेस्ट को देकर एडमिशन ले सकते हैं तथा अपनी फीस में छूट पाकर अपने सपनों को साकार कर सकते है। विद्यार्थी फ्री रजिस्ट्रेशन के लिए नीचे दिए एग्जाम सेंटरों पर फोन करके अपनी सीट सुनिश्चित करें।**

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से पढ़ाई कर बना सकते हैं अपना बेहतरीन कैरियर

### बीएससी एग्रीकल्चर (6 वर्षीय व 4 वर्षीय) कोर्स में होता है सबसे ज्यादा कम्पीटिशन




जिन विद्यार्थियों ने इस वर्ष 10वीं व 12वीं की परीक्षा दी है, उन विद्यार्थियों के लिए हिसार की चौधरी चरण सिंह कृषि विश्व विद्यालय द्वारा संचालित बीएससी एग्रीकल्चर (6 वर्षीय व 4 वर्षीय) में दाखिला लेकर अपने कैरियर को नई उड़ान दे सकते है। बीएससी एग्रीकल्चर में दाखिला लेने के लिए सबसे अधिक होड़ होती है। क्योंकि यहां से पढ़ाई के बाद विद्यार्थियों को नौकरी मिलना बहुत आसान हो जाता है और जो विद्यार्थी नौकरी नहीं करना चाहते वह कृषि को वैज्ञानिक ढ़ंग से करकर लाखों रूपये कमा सकते है। विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में विद्यार्थियों के लिए नौकरियों की अपार संभावनाएं है। हजारों विद्यार्थियों ने बीएससी एग्रीकल्चर करके बहुत अच्छे- अच्छे औहदों पर जॉब व व्यापार करके अपना कैरियर बना चुके हैं।

### बीएससी एग्रीकल्चर करने के बाद है नौकरी की है अपार संभावनाएं

जैसे शिक्षा के क्षेत्र में प्राध्यापक, बैंकिंग व बीमा क्षेत्र में, केन्द्रीय व राज्य की सरकारी नौकरी में, अनुसंधान एवं विकास क्षेत्र, कृषि पत्राकारिता, बीज कम्पनियां, खाद व उर्वरक कंपनी, कीटनाशक कंपनी, कृषि यंत्र निर्माता कंपनी, बागवानी (होर्ट्रीकल्चर) पानी व मिट्टी जांच लैब व अन्य निजी क्षेत्र व अपना खुद का कारोबार भी कर सकते हैं। वर्तमान में पूरे भारत में इन कोर्स की सबसे ज्यादा डिमांड है ।

### शैक्षणिक योग्यता व सीटें

बीएससी एग्रीकल्चर (6वर्षीय प्रोग्राम) में 10वीं के बाद विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा देकर इसमें दाखिला ले सकता है। विश्वविद्यालय में इस कोर्स की 55 सीटें रखी गई है, तथा बीएससी एग्रीकल्चर 4 वर्षीय प्रोग्राम में 12वीं (मेडीकल / नॉन मेडिकल व एग्रीकल्चर संकाय) के विद्यार्थी ही इस परीक्षा को दे सकते है। इसमें कुल 174 सीटें रखी गई है। जिसमें से 80%से लेकर 85% सिलैक्शन ऑवर्स अकेडमी से ही रहते हैं।

**B.Sc. Agri. में हरियाणा टॉपर**

1st RANK GENERAL MARKS 91 HARYANA TOPPER SAHIL ROLL NO. 61156

1st RANK BC-B MARKS 86.5 HARYANA TOPPER DEEPANSHU ROLL NO. 51966

**VLDA में 2 हरियाणा टॉपर एक साथ**

1st RANK GENERAL MARKS 82 HARYANA TOPPER HIMANSHU ROLL NO. 1297

1st RANK GENERAL MARKS 82 HARYANA TOPPER PARTIK ROLL NO. 1752

**OURS NDA SELECTION**

SACHIN ROLL NO. 3576130 (LADWA, HISAR)
KULDEEP ROLL NO. 3567265 (BHIWANI)
VIVEK ROLL NO. 3558239 (HISAR CANTT)
KUNAL ROLL NO. 3555311 (HISAR CITY)
MILAN ROLL NO. 3546180 (HISAR)
PREETI ROLL NO. 3445141 (KAITHAL)
KARAMJEET ROLL NO. 3486291 (HISAR CANTT)

**जिन विद्यार्थियों का सपना NEET & IIT, DEFENCE या B.Sc. Agriculture सेक्टर में जाने का है उनको यह टैस्ट जरूर देना चाहिए**

# Admission cum SCHOLARSHIP TEST



**23rd MARCH (SUNDAY) 10 AM**

**NEET | IIT- JEE** — 9th 10th, 11th, 12th (CBSE I ICSE BOARD)

**B.Sc. Agri.** — HAU ( 4yr & 6yr. Degree Program)

**NDA** — 11th एवं 12th के साथ

**VLDD** — LUVAS (HISAR) 12th Pass (Any Stream)

**B.Sc.** — NURSING



**हमारी विशेषताएं**

**Hostel Facility** — हॉस्टल में भी डाऊट कांऊटर की सुविधा उपलब्ध है। ताकि विद्यार्थी की पढ़ाई में कोई रूकावट ना आएं

**Expert Faculty** — सीकर और दिल्ली के अनुभवी फैकल्टी मैम्बर ताकि लेटेस्ट कन्टेंट बच्चों को मिल पाएं।

**Study Time Table** — परीक्षा पैटर्न के अनुसार हर बैच को पढ़ाई का टाईम टेबल टीचर्स द्वारा बनाकर दिया जाता है।

**Digital Classroom** — विडियोज और एनीमेशन के द्वारा विद्यार्थियों को मुश्किल चीजे भी आसानी से समझा दी जाती है।

**Counselling Session** — हर महीने विद्यार्थी के परफोमेंस को देखते टीम द्वारा काऊंसलिंग सैशन दिए जाते है।

देश का तेजी से बढ़ता शिक्षण संस्थान

# OURS ACADEMY ®

HEAD OFFICE : NEAR BUS STAND, HISAR | M.: 94671-34541, 98121-30823

NEW BRANCH OF OURS ACADEMY

KARNAL BRANCH
NEAR OLD BUS STAND, KARNAL
M.: 98960-98633, 72068-71887

ROHTAK BRANCH
SHEELA BYPASS, ROHTAK
M.: 87086-05114, 98130-23633

Follow : oursacademy
www.oursacademy.com

# स्कूलों में खेल सुविधाएं होंगी मजबूत, केंद्र ने भेजे रुपये, 31 तक खर्च करने होंगे

## हिसार को सबसे ज्यादा एक करोड़, चार जिलों में 81-81 लाख से ज्यादा आए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

राजकीय स्कूलों में खेल सुविधाएं मजबूती होंगी। स्कूलों में खेल संसाधन मुहैया करवाए जाएंगे ताकि खिलाड़ी पढ़ाई के साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले सकें। भारत सरकार की ओर से खेल अनुदान के तहत 14 करोड़ 78 लाख 95 हजार रुपये की राशि जारी की है।

प्रदेशभर के 14 हजार 219 स्कूलों में खेल सुविधाओं को मजबूती देने के लिए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से जिलावार खेल ग्रांट का आवंटन कर दिया गया है। ग्रांट का आवंटन प्राथमिक पाठशाला से लेकर माध्यमिक व उच्च विद्यालय और वरिष्ठ विद्यालयों में चार श्रेणियों में होगा। इसको लेकर बाकायदा शिक्षा विभाग की ओर से अलग-अलग से ग्रांट आवंटित की है, ताकि कहीं भी खेल इक्यूपमेंट खरीदने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत खेल अनुदान के तहत ग्रांट जारी की गई है। ग्रांट को आगामी 31 मार्च तक खर्च करने के निर्देश दिए गए हैं। 31 मार्च तक खेल ग्रांट खर्च न करने वाले स्कूलों की ग्रांट लैप्स हो जाएगी।

### छह सदस्यीय कमेटी करेगी खेल संसाधनों की खरीद



भारत सरकार की ओर से ग्रांट जारी करने के साथ हिदायत दी गई है कि खेल सामग्री की खरीद के समय स्कूल स्तर पर कमेटी गठित की जाएगी। गठित कमेटी को निर्धारित किए गए मानदंडों की पालना करनी होगी। कमेटी स्कूल प्राधिकारियों की आवश्यकता के अनुसार खेल उपकरणों तथा खेल सुविधाओं की रिपोर्ट तैयार करेगी, उसके आधार पर खेल सामग्री की खरीद की जाएगी। जिला स्तर पर गठित कमेटी स्कूल स्तर से उपयोगिता प्रमाण पत्र एकत्रित करेगी और पूरे जिले का संकलित उपयोगिता प्रमाण पत्र मुख्यालय भिजवाया जाएगा।

### एसएमसी चेयरमैन होंगे कमेटी के अध्यक्ष

खेल उपकरणों की खरीद करने के लिए स्कूल स्तर पर छह सदस्यीय कमेटी गठित की जाएगी। स्कूल प्रबंधन कमेटी का चेयरमैन ही कमेटी का चेयरमैन होगा। विद्यालय मुखिया सदस्य सचिव, सरपंच सदस्य और एक एसएससी सदस्य, जिसकी पृष्ठभूमि खेलों से जुड़ी हो उसे सदस्य के तौर पर नामित किया जाएगा। तकनीकी सदस्य के तौर पर एईओ व शारीरिक शिक्षा शिक्षक, डीपीई व पीटीआई को शामिल किया जाएगा।

| जिला | स्कूल | ग्रांट |
|---|---|---|
| अंबाला | 764 | 74.85 लाख |
| भिवानी | 748 | 81.60 लाख |
| चरखी-दादरी | 366 | 42.35 लाख |
| फरीदाबाद | 374 | 39.85 लाख |
| फतेहाबाद | 622 | 65.10 लाख |
| गुरुग्राम | 573 | 57.85 लाख |
| हिसार | 877 | 1.02 करोड़ |
| झज्जर | 519 | 63.15 लाख |
| जींद | 718 | 81.35 लाख |
| कैथल | 587 | 62.40 लाख |
| करनाल | 768 | 77.80 लाख |
| कुरुक्षेत्र | 771 | 69.30 लाख |
| महेंद्रगढ़ | 722 | 71.85 लाख |
| नूंह | 894 | 84.70 लाख |
| पलवल | 601 | 58.05 लाख |
| पंचकूला | 415 | 37.20 लाख |
| पानीपत | 412 | 46.90 लाख |
| रेवाड़ी | 635 | 65.40 लाख |
| रोहतक | 403 | 53.60 लाख |
| सिरसा | 825 | 84.45 लाख |
| सोनीपत | 708 | 81.05 लाख |
| यमुनानगर | 917 | 77.75 लाख |



# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने को पूर्व मंत्री भी लगा रहे जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया तेज
- राष्ट्रीय महामंत्री अरुण को पर्यवेक्षक बनाया
- सोशल इंजीनियरिंग के हिसाब से भी कदम उठा सकती है पार्टी

हरियाणा भारतीय जनता पार्टी के नए अध्यक्ष के चुनाव को लेकर शुरुआत हो गई है। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव को लेकर 27 जिला अध्यक्ष, 90 विधानसभा हलका अध्यक्ष वोटिंग करेंगे, पर्यवेक्षक की तरफ से जल्दी हरियाणा बीजेपी अध्यक्ष चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा, जिसमें पूरी चुनाव प्रक्रिया रहेगी।हरियाणा प्रदेश से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के लिए कई सियासी दिग्गज लाइन में हैं। इसमें कई पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक भी शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के चेहरे में भी जातिगत संतुलन बैठने और आने वाले समय को लेकर सोशल इंजीनियरिंग के हिसाब से भी कदम उठा सकती है।

### तीन दिन रहेगी चुनाव प्रक्रिया

जानकारी के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए इच्छुक नेता आवेदन करेंगे, इसके बाद में आवेदनों की छंटनी होगी। आवेदन वापिस ले जा सकेंगे फिर उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसके साथ ही यह भी बताया जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी पार्टी संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों और नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने को लेकर भी विकल्प खुला हुआ है।

# महाराजा अग्रसेन की राजधानी अग्रोहा में 41 साल बाद किया जाएगा उत्खनन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़



तक्षशिला और मथुरा के व्यापार मार्ग पर स्थित महाराजा अग्रसेन की नगरी अग्रोहा के प्राचीन टीला पर 41 साल के बाद उत्खनन शुरू होने जा रहा है। हरियाणा में सिंधु-सरस्वती सभ्यता के प्राचीन व ऐतिहासिक उदाहरण राखीगढी के बाद अग्रोहा में उत्खनन से इस क्षेत्र के दुनिया से व्यापारिक व सांस्कृतिक संबंधों के ठोस प्रमाण देखने को मिलेंगे, जिससे वैश्विक मंच पर भारत की नगर नियोजन व्यवस्था व विभिन्न अवधि में सांस्कृतिक, व्यापारिक, मानव जीवन शैली का विस्तार रूप प्रदर्शित होगा। प्रदेश के विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मंगलवार को अग्रोहा में केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित प्राचीन टीला के उत्खनन कार्य व भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पंडित दीनदयाल उपाध्याय पुरातत्व संस्थान के पीजी डिप्लोमा पुरातत्व के 2025 बैच के छात्र पुरातत्वविदों के प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन करेंगे। अरविंद शर्मा ने कहा कि प्राचीन टीला पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण व पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग की संयुक्त टीम उत्खनन के माध्यम से अग्रोहा और बाहरी दुनिया के व्यापारिक संपर्क की प्रकृति को समझने की कोशिश करेगी। अग्रोहा में 1978 से वर्ष 1984 तक हुई खुदाई के दौरान पाए गए ऐतिहासिक नगर नियोजन व्यवस्था का अध्ययन करते हुए प्राचीन दुनिया में व्यापार के क्षेत्रीय केंद्र के तौर पर कडी जोडी जाएंगी।

कार्यक्रम

### 25 को मुख्यमंत्री सैनी करेंगे शुभारंभ : शर्मा



अग्रोहा बस्ती के स्वरूप और इस स्थान पर पाए जाने वाले भौतिक अवशेषों की प्रकृति को जानते हुए बाहरी दुनिया के साथ उनके संबंध को जोडा जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा प्रदेश के आम बजट में भी अग्रोहा प्राचीन टीला पर उत्खनन शुरू करने और साइट संग्रहालय, इंटर-प्रिटेशन सेंटर की स्थापना, लाइट व साउंड शो का आयोजन और तारामंडल का निर्माण कराने की घोषणा की थी। अब 25 मार्च को दोपहर 2 बजे अग्रोहा स्तिथ प्राचीन टीला पर होने वाले आयोजन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, मंत्री रणबीर गंगवा सहित प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे।

# भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार अतिरिक्त कृषि निदेशक निलंबित

**चंडीगढ़।** भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार अतिरिक्त कृषि निदेशक और हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण एजेंसी के निदेशक जगदीप सिंह बराड़ को प्रदेश सरकार ने निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश 28 फरवरी से लागू होंगे, जिस दिन उन्हें राज्य अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया था। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजा शेखर वुंडरू ने जगदीप सिंह बराड़ के निलंबन आदेश जारी कर दिए हैं। अतिरिक्त कृषि निदेशक और हरियाणा राज्य बीज प्रमाणीकरण एजेंसी का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे जगदीप सिंह के खिलाफ पंचकूला पुलिस स्टेशन में 21 जून 2018 को विभिन्न आरोपों में केस दर्ज किया गया था। जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद विगत 28 फरवरी को पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने बराड़ को निलंबित करने की अनुमति दे दी है। निलंबन के दौरान बराड़ मुख्यालय नहीं छोड़ सकेंगे। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें छह महीने तक आधा वेतन दिया जाएगा। यदि निलंबन की अवधि छह महीने से अधिक हो जाती है तो भत्ते की दर पर पुनर्विचार किया जाएगा।

## दयनीय स्थिति में पहुंची स्वास्थ्य सेवाएं: सैलजा

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा का स्वास्थ्य विभाग जिस पर प्रदेश के लोगों के स्वास्थ्य का जिम्मा है आज उसे खुद के ईलाज की जरूरत है। विभाग में 6,000 से अधिक पद खाली है, अस्पतालों में डॉक्टर, नर्स और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भारी कमी है, दवाएं नहीं है, चिकित्सा उपकरणों, मशीनों और लैब परीक्षण सुविधाओं की कमी है जिससे मरीजों को सही इलाज नहीं मिल पा रहा है। ऐसा लग रहा है कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर ताला लटका दिया है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य पर सबसे ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है पर भाजपा की मनमानी के कारण दोनों ही विभागों की हालात दयनीय होती जा रही है।

## एमएसपी देने का वादा झूठा साबित हुआ : हुड्डा

चंडीगढ। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी सरकार द्वारा 24 फसलों पर एमएसपी देने के दावे की पोल एक बार फिर खुल गई है। क्योंकि सरकार किसानों को सरसों का एमएसपी नहीं दे रही। सरसों की एमएसपी 5960 है, लेकिन मंडी में खरीद 5400 में की जा रही है यानी किसानों को लगभग ₹500 प्रति क्विंटल का घाटा हो रहा है। पिछली बार धान की खरीद भी एमएसपी से कम रेट पर की गई और इस बार सरसों की खरीद में भी किसानों को लूटने का खेल शुरू हो गया है। जबकि बीजेपी ने चुनाव से पहले किसानों को धान और गेहूं जैसी फसलों पर एमएसपी से भी ज्यादा रेट देने का वादा किया था। धान की फसल पर बीजेपी ने 3100 रुपये रेट का वादा किया था।

# निवेश को बढ़ाने के लिए नियम सरल किए जाएं



- हरियाणा के मुख्य सचिव ने उद्योगों के लिए अनुपालन बोझ और विनियमन को कम करने पर बल दिया

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रदेश में और अधिक व्यापार-अनुकूल परिवेश को बढ़ावा देने के लिए अनुपालन बोझ और विनियमन को कम करने पर बल दिया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत अनुपालन बोझ और विनियमन को कम करने से संबंधित एक कार्यशाला में बोलते हुए, उन्होंने केंद्रीय कैबिनेट सचिवालय में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस प्रकोष्ठ बनाने का स्वागत करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य सभी राज्यों को शामिल करके औद्योगिक क्षेत्र को मजबूत करना और उद्यमशीलता के अवसरों को बढ़ाना है। मुख्य सचिव ने वर्ष 2047 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था हासिल करने के हरियाणा के महत्वाकांक्षी विजन का उल्लेख करते हुए कहा कि इस तरह की प्रमुख पहल आर्थिक विकास और निवेश प्रोत्साहन के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं।

### योजना मजबूत हुई

यह कार्यशाला हरियाणा के औद्योगिक विकास को बढ़ाने और राज्य में व्यापार संचालन को सुव्यवस्थित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यशाला के दौरान हुई चर्चा और सुझावों से निवेशक-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए आगे के सुधारों के साथ- साथ रणनीतिक सुधार और कार्य योजना की नींव भी मजबूत हुई है।



रोहतक

शनिवार, 22 मार्च 2025

चैत्र मास कृष्ण पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 50
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 35.6
न्यून. 11.1

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




3 आईपीएल : नए नियम और नए कप्तान बदलेंगे मैचों का रुख, 7 टीमों में नए खिलाड़ी पर भरोसा




# सिरसा से 25 करोड़ व अंबाला से 7 करोड़ की हेरोइन बरामद

**तस्करों का पाकिस्तान लिंक**

## सिरसा में तस्करों से पाकिस्तान की करंसी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम ने गश्त के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर नाई वाली ढाणी चतरगढ़ पट्टी सिरसा क्षेत्र से कार सवार दो हेरोइन तस्करों को करीब 25 करोड़ रुपए की 4 किलो 256 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान पाकिस्तान करंसी का नोट भी मिला है, इसलिए पाकिस्तान से तार जुड़े होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता। सिरसा के पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने शुक्रवार को इसका खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गए युवकों की पहचान अभिषेक पुत्र जय सिंह निवासी नाईवाली ढाणी चतरगढ़ पट्टी सिरसा व प्रदीप पुत्र गुरचंद निवासी नरुआना जिला बठिंडा पंजाब के रूप में हुई हैं। एसपी ने बताया कि करीब 25 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामदगी मामले में सीआईए ऐलनाबाद पुलिस टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीश चंद्र पर आधारित पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि सिरसा जिला बनने के बाद करीब 50 वर्षों के बाद पहली बार सिरसा पुलिस की ओर से इतनी भारी मात्रा में हेरोइन की बरामदगी की गई है।

### पंजाब से खरीदकर लाए थे नशा जिले में करना था सप्लाई

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि पकड़े गए युवकों ने प्रारम्भिक पूछताछ में बताया है कि वे यह हेरोइन पंजाब से खरीद कर लाए थे तथा इसे सिरसा तथा इसके आसपास क्षेत्रों में सप्लाई की जानी थी। जांच के दौरान हेरोइन बरामदगी में पाकिस्तान करंसी का नोट भी मिला है, इसलिए पाकिस्तान से तार जुड़े होने की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता, जिसकी गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों का आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए युवकों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा औऱ तस्करों के नेटवर्क को खंगाला जाएगा।

- कार सवार युवकों से 4.256 किलो हेरोइन बरामद, केस दर्ज
- सिरसा के इतिहास में नशे की अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी
- तस्करों का नेटवर्क खंगालने में जुटे पुलिस के आला अधिकारी



### फतेहाबाद में 18 को बरामद हुई थी 20 करोड़ की हेरोइन

वहीं इससे पहले 18 मार्च को पड़ोसी जिले फतेहाबाद के टोहाना क्षेत्र में भी टोहाना सीआईए पुलिस ने एक नशा तस्कर को काबू कर उसके कब्जे से करीब 20 करोड़ रुपए कीमत की 4 किलो 5 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। आरोपी की पहचान जगसीर उर्फ जग्गा निवासी छाजली के रूप में हुई थी। जो फिलहाल पंजाब के संगरूर जिले के गांव बखोरा कलां में रहता था।

## अंबाला में हेरोइन व ड्रग मनी जब्त



**अंबाला।** पुलिस नशा कारोबारियों के खिलाफ निरंतर ठोस कार्रवाई कर रही है। अब पुलिस ने एक किलोग्राम हेरोइन के साथ एक आरोपी को काबू किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच लाख से ज्यादा की नकदी भी बरामद की है। पकड़ी गई हेरोइन की इंटरनेशनल मार्केट में कीमत करीब 7 करोड़ रूपये आंकी जा रही है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट समेत कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने बताया कि पुलिस की ओर से नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान पुलिस को लगातार कामयाबी मिल रही है। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के दौरान सीआईए वन को अंबाला में नशे की बड़ी खेप आने की सूचना मिली थी। पता चला था कि अंबाला छावनी के थाना पड़ाव क्षेत्र के काली पलटन पुल से यह खेप अंबाला में एंट्री करेगी। इसी आधार पर सीआईए वन ने काली पलटन पुल पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान ही पुलिस ने अंबाला शहर के जग्गी गार्डन कॉलोनी के रहने वाले आरोपी हीरा चावला को हिरासत में लिया।

**खबर संक्षेप**

### सोशल मीडिया पर अश्लील कमेंट करने पर केस दर्ज

**कैथल।** महिला पुलिस कैथल ने एक महिला की फोटो इंस्टाग्राम व फेसबुक आईडी पर अपलोड करते हुए उस पर अश्लील कमेंट करने के आरोप में एक महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया है। कस्बा राजौंद की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 1 जनवरी 2019 से 4 फरवरी 2025 तक रानी कौर नामक महिला द्वारा उसकी तथा उसकी लड़की की इंस्टाग्राम व फेसबुक आईडी पर फोटो वीडियो डालकर अश्लील कमेंट किए गए। इस बारे में उसने कई बार ऐसा न करने बारे कहा लेकिन वह नहीं मानी। मामले के जांच अधिकारी एएसआई रेनू बाला ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अवैध हथियारों सहित दो युवक गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखाओं की टीम ने 2 अलग-अलग मामलों में आरोपी डैनिश / अमित व सूरज नामदेव को गिरफ्तार कर 2 देसी कट्टे व जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 20 मार्च को क्राइम ब्रांच की टीम ने डैनिश उर्फ अमित निवासी सरिता विहार दिल्ली हाल जीवन नगर पार्ट-2 फरीदाबाद को सेक्टर.56 नियर मैट्रो फ्लैट व सूरज नामदेव वासी शिवम कॉलोनी फरीदाबाद को इस्माइलपुर फरीदाबाद से गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत मामले दर्ज किये गये हैं।

**चुनाव सूचना**

दी फतेहाबाद को-आप्रेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लि. फतेहाबाद के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि समिति की प्रबन्धक कमेटी के जोन संख्या 01 व्यक्तिगत (फतेहाबाद) सामान्य जोन जो कि निदेशक के निधन होने पर रिक्त हो गया है, के चुनाव के लिए जोनल कमेटी द्वारा वोटर लिस्टें टैंटेटिवली मंजूर कर दी गई हैं। यह लिस्टें निम्नलिखित स्थानों/कार्यालयों में प्रदर्शनी के लिए लगाई गई हैं :

1. दी फतेहाबाद को-आप्रेटिव मार्केटिंग कम प्रोसैसिंग सोसाइटी लि., 45-अनाजमण्डी फतेहाबाद।
2. सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां फतेहाबाद
3. निरिक्षक, सहकारी समितियां फतेहाबाद
4. जिला प्रबन्धक हैफेड़ फतेहाबाद
5. पैक्स प्रबन्धक बस्ती भीमा, फतेहाबाद।
6. पैक्स प्रबन्धक, बड़ोपल।
7. पैक्स प्रबन्धक बीघड़, फतेहाबाद।
8. पैक्स प्रबन्धक, झलनियां।
9. पैक्स प्रबन्धक, अयाल्की।
10. खण्ड विकास एंव पंचायत अधिकारी, फतेहाबाद।

किसी सदस्य को इन लिस्टों बारे कोई ऐतराज हो तो वह लिखित तौर पर समिति कार्यालय फतेहाबाद में दिनांक 21.04.2025 से पहले दे सकता है। जिस पर जोनल कमेटी द्वारा अगामी मिटिंग में विचार किया जाएगा व लिस्टें फाइनल कर दी जाएंगी।

-प्रबन्धक

**निविदा सूचना**

सभी लघु सचिवालय भवन क्षेत्र सोनीपत की सामान्य स्वच्छता और हाउसकीपिंग के कार्य को 01.04.2025 से 31.03.2026 की अवधि के लिए ठेके पर देने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रस्तावों में कुछ उपकरण / सामग्री अर्थात डस्टर, झाडू., पोंच्छे, फिनायल इत्यादि की आपूर्ति भी शामिल होगी।

विस्तृत नियम एवं शर्तें सीटीएम-सह-नोडल ऑफिसर, रखरखाव के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में मोहरबंद निविदा इस कार्यालय में 26.03.2025 को अप. 12.00 बजे तक अवश्य पहुंच जानी चाहिए।

निविदाएं 27.03.2025 को अप. 12.00 बजे कांफ्रैंस हॉल, प्रथम तल, लघु सचिवालय सोनीपत में कमेटी की उपस्थिति में खोली जाएंगी और वार्ताएं इसके पश्चात आयोजित होंगी।

अधोहस्ताक्षरी बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

हस्ता/- उपायुक्त, सोनीपत

पीआरडीएच-1029/11/542/2025/33173/88/6 दि. 21.03.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डीएचबीवीएनएल | ओपी सर्कल फरीदाबाद के तहत ओपी सब डिवीजन मेवात ग्रेटर फरीदाबाद हेतु कार्यालय भवन को किराये पर लेना। | 27.03.2025 17.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 1292233277 sefbd@dhbvn.org.in |
| 2 | डीएचबीवीएनएल | 9 मीटर लम्बे पीसीसीस पोल्स की आपूर्ति। | 11.02.2025 02.04.2025 | 52.40 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 7496959566 semm@dhbvn.org.in |
| 3 | डीएचबीवीएनएल | सिंगल फेस होल करंट स्टेटिक एनर्जी मीटर। | 21.03.2025 15.04.2025 | 58.40 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9802401200 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/60/33177/1/88/6 दि. 21.03.25

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका बावल | नगर पालिका बावल में विभिन्न स्थानों पर ऑक्टागोनल पोल्स की आपूर्ति और स्थापना के साथ-साथ 1000 अदद स्ट्रीट लाइट की स्थापना + 3 कार्य। | 20.03.2025 27.03.2025 | 128.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |
| 2 | नगर पालिका बावल | नगर पालिका बावल के विभिन्न स्थानों पर सीवर लाइन में ड्रेन / नाला की टेपिंग में जाली का प्रावधान और फिक्सिंग। | 20.03.2025 27.03.2025 | 5.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901202433 secy.mc.bawal@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2025/40/33179/1/88/6 दि. 21.03.25

# नकली घी व पनीर बनाने का भंडाफोड़, दो काबू

**कुरुक्षेत्र।** सीएम फ्लाइंग स्क्वायड ने पिपली में नकली देसी घी व पनीर बनाने का भंड़ाफोड़ किया है। सीएम फ्लाइंग की टीम ने पिपली में एक दुकान पर रेड कर मौके से नकली देसी घी व पनीर बरामद किया है। मौके से पुलिस ने नकली देसी घी व पनीर बनाने वाले दो लोगों को काबू किया है, जबकि नकली देसी घी व पनीर बनाने वाला सरगना मौके से फरार हो गया है। सीएम फ्लाइंग स्क्वायड ने मौके से बरामद डेढ क्विंटल नकली देसी घी व तीन किलो पनीर को नष्ट कर दिया है। एलएनजेपी अस्पताल से आई एक टीम ने मौके से नकली घी व पनीर के सैंपल भरे हैं। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीएम फ्लाइंग स्क्वायड के उप निरीक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली थी कि पिपली की खेड़े वाली गली में नकली घी व पनीर बनाने का धंधा चल रहा है। यह धंधा चलाने वाले आरोपी लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। गुप्त सूचना मिलने पर सीएम फ्लाइंग स्क्वायड ने पिपली में खेड़े वाली गली में स्थित शगुन पनीर भंडार पर रेड की। सीएम फ्लाइंग स्क्वायड ने मौके पर डेढ क्विंटल नकली देसी घी व तीन किलो पनीर बरामद किया है। सीएम फ्लाइंग स्क्वायड की रेड को देखकर नकली देसी घी व पनीर बनाने वाला सरगना मौके से फरार हो गया, जबकि सीएम फ्लाइंग स्क्वायड ने मौके से दो आरोपियों को काबू किया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

- सीएम फ्लाइंग की पिपली में छापेमारी, डेढ़ क्विंटल देसी घी व तीन किलो पनीर नष्ट करवाया



कुरुक्षेत्र। जांच करते पुलिस अधिकारी।

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक रेवाडी**

**मुकदमा नं. 92 दिनांक 21.03.2025 धारा 281,106 (1) BNS थाना माडल टाऊन रेवाडी**



नामपता नामालुम की पहचान हेतु
माता वा पिता का नाम - नामालुम
हुलिया- रंग गेहुँआ बाल सफेद
उम्र - करीब 55 साल
पहनावा - काली जींस पैन्ट, कॉफी कलर की जैकेट व क्रीम कलर की शर्ट
दिनांक 21.03.2025 को ROAD SIDE ACCIDENT नजदीक हंस रिसोर्ट NH-48 रेवाडी में मृत्यु हो गई है जो उपरोक्त नाश की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है जो नाश नामालूम के शव को गृह सामान्य अस्पताल रेवाडी में रखवाया हुआ है यदि किसी को भी उपरोक्त नाश के संबंध में कोई भी जानकारी मिलती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर जल्द से जल्द सूचना दें।

SHO PS MODEL TOWN REWARI-7056666122
I/O ASI SANDEEP MODEL TOWN REWARI-9467823222
POLICE CONTROL ROOM REWARI-01274-225156, 9306952004
पीआरडीएच 1084/11/3213/2025/33166/88/6 दि. 21.03.2025

# डिजिटल अरेस्ट कर 1.3 करोड़ की वसूली करने के आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डिजिटल अरेस्ट करके ठगी करने के एक मामले में साइबर थाना एनआईटी की टीम ने दो आरोपी रोनक व कृष्णा को गिरफ्तार किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि साइबर थाना एनआईटीमें सेक्टर-46 फरीदाबाद निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह सतरूपा ग्लोबल डिक्शनरी एंड पब्लिशिंग (ओपीसी) लिमिटेड कंपनी की मालिक है, 29 सितंबर को उसके फोन पर एक कॉल आया। कॉल करने वालों ने एक-एक करके बात की और कॉल को कई व्यक्तियों को अग्रेषित किया, जिन्होंने शिकायतकर्ता से कहा कि उसकी कम्पनी खाता से अवैध पैसे का लेन-देन है और ठगों ने उसके व्हाट्सएप पर अवैध पैसे के लेन-देन बारे एक नोटिस भेजा। नोटिस पढने के बाद वह परेशान और भयभीत हो गया, क्योंकि कोई भी दावा सच नहीं था। जिसके बाद ठग लगातार शिकायतकर्ता को वीडियो कॉल करते रहे तथा धमकी देते थे कि वह किसी को भी स्थिति के बारे खुलासा ना करे और ना ही अपना कमरा छोड़े, अपने नौकरों को निकाल दे । ठग लगातार वीडियो कॉल के जरिए शिकायतकर्ता पर निगरानी करते रहे और हर समय चेहरा देखते रहे। ठगों ने महिला को डरा धमका कर 1,03,70,000 रुपये अपने खाता में ट्रांसफर करवा लिए। जिनकी शिकायत साइबर थाना एनआईटी में मामला दर्ज किया गया।

## बजट गरीबों के सपनों को साकार करेगा : गोयल

**फरीदाबाद।** सरकार में राजस्व मंत्री विपुल गोयल ने नायब सिंह सैनी द्वारा पेश बजट को विकसित भारत विकसित हरियाणा के संकल्प और गरीबों के सपनों को साकार करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट आर्थिक विकास और आत्मनिर्भर हरियाणा की दिशा में एक मजबूत कदम है। नायब सिंह सैनी ने विजनरी एवं प्रोग्रेसिव बजट पेश किया है जिससे प्रदेश के आर्थिक विकास के साथ जन जन का विकास भी होगा। यह बजट अन्त्योदय की कल्पना को साकार करने वाला बजट है। इस बजट में आर्टिफिशियल टेक्नोलॉजी से लेकर हवाई जहाज तक यानि सभी संसाधनों का प्रावधान किया हैए यह बजट विकसित भारत के साथ विकसित हरियाणा की कल्पना को साकार करने वाला बजट है।

# एएसआई के भाई की गला रेतकर हत्या

- घटनास्थल से शराब की बोतल व अन्य सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

गांव मुंडाखेड़ी निवासी एएसआई के भाई भारत भूषण की बृहस्पतिवार रात गला रेतकर हत्या कर दी गई। मृतक का शव मानकपुर इंडसट्रियल एरिया खूने से लथपथ हालत में मिला। मृतक के गले व चेहने पर चाकू से कई वार किए गए थे। पुलिस ने घटना स्थल से कार, मोबाइल, शराब, पानी और सोडे की बोतल बरामद की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच की शुरू

जानकारी के अनुसार गांव मुंडाखेड़ी निवासी एएसआई कमलवीर ने बताया कि उसका भाई 44 वर्षीय भारत भूषण पैर से पोलियोग्रस्त था और फैक्ट्री में पत्ता कुट्टी की सप्लाई करने का काम करता था। वीरवार शाम करीब छह बजे वह अपनी कार लेकर घर से निकला था। मगर रात 11 बजे तक उसका भाई घर नहीं लौटा। उसने अपने भाई पर फोन किया तो उसने कॉल नहीं उठाई। इसके बाद उसने अपने परिचितों के साथ उसकी तलाश शुरू कर दी। सुबह उसने सर्विलांस सेल की मदद से भारत भूषण के मोबाइल की लोकेशन निकलवाई तो वह मानकपुर औद्योगिक क्षेत्र की आई। जब वह मौके पर पहुंचे तो उन्हें भारत का शव लहू लुहान अवस्था में पड़ा मिला। उसके भाई का गला रेता गया था। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से कार, मोबाइल, शराब, पानी और सोडे की बोतल बरामद की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात पर हत्या के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।




यमुनानगर। घटनास्थल पर कार की जांच करते पुलिस अधिकारी।

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक व इसके अधीन आने वाले बस स्टैण्ड सांपला, कलानौर पर स्थित दुकानों को किराये पर देने के लिए आम सार्वजनिक बोली पुनः दिनांक 26.03.2025 को बस स्टैण्ड रोहतक परिसर में खुली बोली के माध्यम से दुकानों की नीलामी वर्ष 2025-2028 तक के लिए की जाएगी। दुकानों का विवरण व पालिसी किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन रोहतक से प्राप्त किये जा सकते है।

पीआरडीएच 1119/11/606/2025/33132/88/6 दि. 21.03.2025

**दी भट्टू कलां को ऑपरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लि. 53, अनाज भट्टू कलां जिला फतेहाबाद**

**टेंडर नोटिस**

आप सभी लेबर ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि दी भट्टू कलां को ऑपरेटिव मार्केटिंग कम प्रोसेसिंग सोसाइटी लि. अनाज भट्टू कलां में हरियाणा सरकार के आदेशानुसार सरसो की खरीद की जानी है जिसके लिए खरीद कार्य में लेबर का कार्य सरसों की उतराई, झराई, सफाई, भराई, तुलाई सिलाई मशीन द्वारा (डबल स्टीचिंग) मार्का लगाई तथा लदाई के कार्य का ठेका सब-कमेटी द्वारा दिनाँक 25/03/2025 को सुबह के 12.00 बजे समिति कार्यालय में छोड़ा जायेगा इसलिए जो भी ठेकेदार ठेका लेने का इच्छुक हो वो अपने रेट बंद लिफाफे में सब-कमेटी को प्रस्तुत करे। ठेकेदार को ठेका निम्न शर्तों पर दिया जायेगा।

1. लेबर ठेकेदार को कच्ची लेबर के काम के अनुभव एवं अन्य आंकलन के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी।
2. 1000/-रुपये फार्म फीस समिति में जमा करवानी होगी। जो वापस नहीं कि जायेगी।
3. ठेका छूटते ही 20 लाख रुपये बतौर अमानत राशि जमा करवानी होगी जिसका कोई ब्याज नहीं दिया जायेगा। 50 लाख रूपए का चैक टेंजिबल सिक्योरिटी देनी होगी।
4. ठेकेदार अपनी निविदाएं 25/03/2025 सुबह 11.00 बजे तक समिति कार्यालय में दे सकते है। इसके बाद निविदाएं मान्य नहीं होगी ।
5. इस टेंडर की अवधि 25.03.2025 से हरियाणा सरकार के आदेशनुसार तक की रहेगी।
6. ठेकेदार को आधार कार्ड व बैंक पासबुक की फोटोकॉपी तथा स्वंय की फोटो मौके पर जमा करवानी होगी।
7. ठेकेदार सरसों की उतराई, झराई, सफाई, भराई, तुलाई, सिलाई मशीन द्वारा (डबल स्टीचिंग) मार्का लगाई तथा लदाई का कार्य पूरी ईमानदारी के साथ करेगा तथा किसी प्रकार की लापरवाही की वजह से किसी किस्म का नुकसान होता है तो वह ठेकेदार वहन करेगा। झरना, पंखा आदि की उपलब्धता समिति के समक्ष सुनिश्चित करें।
8. बारदाना घटती, सरसों तोल घटती, उठान तक पूर्ण वजन सरसों सुरक्षित रखने की ज़िम्मेवारी ठेकेदार की होगी।
9. लेबर के भुगतान की पुष्टि के बाद ही ठेकेदार का भुगतान किया जायेगा।
10. मंडी के मजबूत वित्तीय स्थिति के दो व्यक्तियों की श्योरिटी दिलवानी होगी।
11. टेंडर कार्य के पेमेंट सरकार की हिदायतों के अनुसार की जाएगी।
12. टी. डी. एस. आयकर विभाग के नियमनुसार काटा जाएगा।
13. अगर ठेकेदार समय पर लेबर उपलब्ध नहीं करवाएगा तो ठेकेदार की क्षतिपूर्ति पर कार्य अन्य लेबर से करवा लिया जायेगा।
14. सब कमेटी को टेंडर फार्म में कमी पाए जाने, शर्तें पूरी न होने की सूरत में टेंडर को रद्द करने व स्वीकार करने का पूरा अधिकार होगा।
15. सरकार के निर्देशानुसार ठेकेदार, सरसों की खरीद कार्य को समिति द्वारा बताई गयी मंडी/ ख़रीद केंद्र पर करने के लिए बाध्य होगा।
17. जिन टेंडरदाताओ के टेंडर का रेट फाईनल होगा वह सभी कर सहित होगा।
18. टेंडर सरकारी लेबर रेट से कम नहीं छोडा जाएगा।

हस्ता/-प्रबंधक
मो0 93151-92903
दी भट्टू कलां सहकारी विपणन समिति लि. मण्डी
भट्टू कलां, दुकान न.53 अनाज मण्डी, भट्टू कलां

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रुपये | धरोहर राशि रुपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी-22/ 24-25 | दा वर्क फॉर काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मेन्टनन्स् कान्ट्रैक्ट ऑफ० आई० पी एस ऑफ एम/एस एच०बी०एल० मैक ओवर अंबाला डिवीजन फॉर थ्री एयर्स | 17.04.2025 at 15.00 hrs. | Rs. 11217726/- | Rs. 206100/- | 36 महीने |
| 2 | ओटी-23/ 24-25 | सिगनलिंग वर्क इन कनेक्शन विथ टी० टी० आर (टी० एस० आर) -32 सेट्स टी० टी० आर (एफ० एस + टी डब्लू० एस + डब्लू० सी० एम एस० सी) -21 सेट्स एण्ड टी टी० आर (टी० डब्लू० एस)-32 सेट्स & टी० टी० आर (डब्लू० सी० एम० एस० सी)-7 सेट्स (टोटल 92 सेट्स) ओवर अंबाला डिवीजन | 17.04.2025 at 15.00 hrs. | Rs. 25559838.25/- | Rs. 277800/- | 180 दिन |

नोट :- 1. वरि0 मंडल सिग0 एवं टेली0 इंजी0 / उ0रे0, डी0आर0एम0 ऑफिस, रेल विहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लाग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई-टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टैन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें। संख्या :- एस.डब्लू/सिग/अंबाला/ एन०आई०टी-09/2024-25 दिनांक:- 20.03.2025

879/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी के लिए सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (यहां इसके पश्चात "एक्ट") के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल-एचएफएल) कार्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव -122015 (हरियाणा) और शाखा कार्यालय "**द्वितीय तल, नंदा फर्नीचर के ऊपर, गीता मंदिर रोड, पानीपत**-132103" के पास गिरवीकृत अचल सम्पत्ति की बिक्री। चूंकि आईआईएफएल-एचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी ("एओ") आईआईएफएल-एचएफएल को देय राशि की उगाही हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है आधार और बिना अवलम्ब आधार" पर इसकी बिक्री के अधिकार सहित निम्नलिखित ऋण अकाउंट्स / प्रोस्पैक्ट नम्बर में अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत जारी नोटिस के अनुसरण में निम्नलिखित सम्पत्ति/यों का कब्जा ले चुके थे, बिक्री वेबसाइट : www.iiflonehome.com पर उपलब्ध करवाए गए ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा की जाएगी।

| कर्जदार(ों)/ सह-कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | अचल सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति का वर्णन | भौतिक कब्जे की तिथि | आरक्षित मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. श्री संदीप कुमार 2. मीनाक्षी (प्रोस्पेक्ट नं. 857778) | 15-फर.-2023 रु. 33,32,862/- (रुपये तेतीस लाख बत्तीस हजार आठ सौ बासठ केवल) | सम्पत्ति जो प्लॉट/भूमि खेवट सं. 1705, लैंड एरिया 2124 वर्गफुट कार्पेट एरिया 2243 वर्गफुट बिल्टअप एरिया 2393 वर्गफुट किते 16 रकबा 33 बीघे इसका 94/13200 शेयर अर्थात 4 बिस्वा 14 बिस्वासी खसरा नं. 1535 जोकि पट्टी इंसार पानीपत (नगर निगम पानीपत के अंदर) आबादी जनक गार्डन पानीपत तहसील व जिला पानीपत हरियाणा, भारत 132103 में स्थि है, के सभी भाग व हिस्से। (क्षेत्रफल माप 2556 वर्गफुट) | 12- मई -2023 | रु. 71,02,000/- (रुपये इकहत्तर लाख दो हजार केवल) |
| | बोली बढ़ोतरी राशि रु. 50,000/- (रुपये पचास हजार केवल) | | कुल बकाया दिनांक 07 मार्च 2025 के अनुसार रु. 32,79,460/- (रुपये बत्तीस लाख उनासी हजार चार सौ साठ केवल) | धरोहर राशि जमा (ईएमडी) रु. 7,10,200/- (रुपये सात लाख दस हजार दो सौ केवल) |

| सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि | ईएमडी अन्तिम तिथि | ई-नीलामी की तिथि/समय |
|---|---|---|
| 21 अप्रैल 2025 1100 बजे - 1400 बजे | 23 अप्रैल 2025 अप. 5.00 बजे तक | 25 अप्रैल 2025 1100 बजे - 1300 बजे |

**भुगतान का मोड** :- ईएमडी भुगतान केवल ऑनलाइन मोड के तहत किये जाने हैं। भुगतान करने के लिये आपको https://www.iiflonehome.com पर पधारना होगा और केवल सम्पत्ति /प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु उपलब्ध लिंक के माध्यम से भुगतान करना होगा। **टिप्पणी** : प्रत्येक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति हेतु भुगतान लिंक अलग है। सुनिश्चित करें आप सार्वजनिक नीलामी के तहत खरीदने के लिये इच्छुक सम्पत्ति/प्रत्याभूत परिसम्पत्ति के लिंक का उपयोग कर रहे हैं।
**बकाया भुगतान हेतु - लॉगइन करें https://www.iiflonehome.com >My Bid >Pay Balance Amount**
महत्वपूर्ण जानकारी : यह नीलामी सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) द्वारा कब्जा आधार पर प्रकाशित की गई है। भौतिक कब्जा धारा 14 के आदेशों को प्राप्त करने के बाद प्रस्तावित किया जाएगा जो सरफेसी अधिनियम के तहत निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार होगा और जैसे और जब भौतिक कब्जा लिया जाएगा। बोलीदाता को नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पूर्व दस्तावेजों और कानूनी बाध्यताओं के सम्बन्ध में आवश्यक सम्यक तत्परता दिखानी होगी।

**नियम एवं शर्तें :-**

1. ई-नीलामी में भाग लेने के लिये, इच्छुक बोलीदाताओं को पहले ही सेवाप्रदाता https://www.iiflonehome.com के पास अपने विवरण पंजीकरण करवाना आवश्यक है और लॉगइन अकाउंट, लॉगइन आईडी और पासवर्ड बनाना होगा। इच्छुक बोलीदाताओं को ऊपर वर्णित शाखा कार्यालय में भुगतान विवरण के तहत ईएमडी, केवाईसी और पैन कार्ड की प्रति सहित अपना "निविदा प्रपत्र" जमा करवाना / भेजना होगा।
2. बोलीदाता कॉलम "बोली बढ़ौतरी राशि" के तहत वर्णित राशि के गुणज में अपने प्रस्ताव सुधारेंगे। यदि बोली नीलामी बंद होने के समय के अन्तिम 5 मिनट में रखी जाती है, बंद होने का समय स्वतः ही 5 मिनट के लिये बढ़ा दिया जाएगा।
3. सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (ईएमडी समायोजित करने के बाद) एओ द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति के 24 घंटे के भीतर और बोली राशि का शेष 75% सिक्योर्ड क्रेडिटर द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर जमा करना चाहिए। सभी जमा और भुगतान भुगतान के निर्धारित तरीके में होंगे।
4. खरीदार को उपकर, लागू स्टांप ड्यूटी, शुल्क और कोई अन्य वैधानिक बकाया या अन्य देय जैसे नगरपालिका कर, बिजली शुल्क, भूमि और अन्य सभी आकस्मिक लागत, संपत्ति से संबंधित सभी करों और लागत दरों सहित चार्जेज वहन करने होंगे।
5. खरीददार को बिक्री राशि के लेन देन / भुगतान करने के लिए टीडीएस अप्लीकेशन भुगतान करना होगा और आईआईएफएल एचएफल के पास टीडीएस प्रमाण पत्र जमा करवाना होगा।
6. **बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने के लिये अपनी बोलियां जमा करवाने से पहले नीलामी बिक्री और नीलामी आवेदन पत्र के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट https://www.iiflonehome.com और https://www.iifl.com/home-loans/properties-for-auction को पढ़ें।**
7. **विवरण, ई-नीलामी पर मदद प्रक्रिया और ऑनलाइन ट्रेनिंग हेतु संभाव्य बोलीदाता सेवाप्रदाता से सम्पर्क कर सकते हैं ई-मेल आईडी :- care@iiflonehome.com, सपोर्ट हैल्पलाइन नम्बर : @1800 2672 499**
8. **सम्पत्ति विवरण, सम्पत्ति के निरीक्षण और ऑनलाइन बोली इत्यादि से सम्बन्धित किसी पूछताछ के लिये आईआईएफएल एचएफएल टोल फ्री नं. 1800 2672 499 पर 09:30 बजे से 18:00 बजे के बीच सोमवार से शुक्रवार तक कॉल करें अथवा care@iiflonehome.com पर ई-मेल लिखें।**
9. उपरोक्त कर्जदारों को एतद् द्वारा 7 दिनों के भीतर भौतिक कब्जा लेने के समय प्रत्याभूत परिसम्पत्ति में रखे गये घरेलू सामानों को एकत्र करने के लिए नोटिस दिया जाता है, अन्यथा आईआईएफएल -एचएफएल परिस्थितियों के तहत संपत्ति के किसी भी नुकसान के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।
10. इसके अलावा कर्जदार/ों को एतद् द्वारा नोटिस दिया जाता है कि यदि वे उपरोक्त वस्तुओं को एकत्र करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानून के अनुसार बेचा जाएगा।
11. सफल बोलीदाता / नीलामी खरीदकर्ता द्वारा किसी भी स्तर पर उपरोक्त निर्धारित समय के भीतर भुगतान में चूक के मामले में, बिक्री रद्द कर दी जाएगी और पहले से भुगतान की गई राशि (ईएमडी सहित) को जब्त कर लिया जाएगा और संपत्ति को फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा।
12. एओ बिना कोई कारण बताए निविदा/नीलामी को स्थगित करने / रद्द करने अथवा नियम एवं शर्तों को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं। निविदा/नीलामी में किसी भी विवाद की स्थिति में, आईआईएफएल-एचएफएल के एओ का निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के तहत 30 दिन की वैधानिक बिक्री सूचना**

कर्जदारों को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि वे निविदा/नीलामी की तारीख से पहले अद्यतन ब्याज और सहायक व्यय के साथ ऊपर वर्णित राशि का भुगतान कर दें, जिसमें विफल रहने पर संपत्ति की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और यदि कोई बकाया देय राशि है तो ब्याज और लागत के साथ वसूल की जाएगी

स्थान : पानीपत, दिनांक: 22 मार्च 2025

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड

रोहतक
शनिवार, 22 मार्च 2025
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 50
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मौसम
अधि. 35.6
न्यून. 11.1

*13 माह बाद वाहन चालकों को राहत*

*कानून व्यवस्था के लिए धारा 163 लागू*

# खनौरी-दातासिंह वाला बॉर्डर भी खुला वाहनों का आवागमन शुरू, बल तैनात

*बेरिकेडिंग हटी, खुला खुला नजर आया रास्ता, एक दिन पहले खुला शंभू बॉर्डर*

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** शंभू बॉर्डर के बाद करीब 13 माह बाद शुक्रवार को पंजाब-हरियाणा की तरफ से खनौरी और दातासिंह वाला बॉर्डर भी खुल गया। प्रशासनिक अधिकारी और अमला रास्ते की सफाई में लगा रहा। इसके बाद वाहनों की आवाजाही शुरू हो गई। दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पूरी तरह से खुल जाने से राहगीरों और वाहन चालकों ने राहत की सांस ली। अब तक वाहन चालकों को लिंक मार्गों से 10 किलोमीटर का चक्कर लगा कर जाना पड़ रहा था। खनौरी बार्डर पर हरियाणा की तरफ से गुरुवार को ही रास्ता साफ कर दिया गया था, लेकिन पंजाब की सीमा में ट्रैक्टर व ट्राली खड़े थे। इसलिए रास्ता बाधित था। पंजाब पुलिस द्वारा शुक्रवार को चार बजे तक सभी ट्रैक्टर ट्रालियों को हटा कर रास्ते को वाहनों के लिए खोल दिया गया है। हरियाणा की तरफ से दातासिंह वाला बार्डर शुक्रवार को पूरी तरह खुला-खुला नजर आया। अहतियात के तौर पर हरियाणा बार्डर पर पुलिस तैनात है। वहीं खनौरी बार्डर पर भी पंजाब पुलिस ने मोर्चा संभाले रखा और पंजाब के किसानों द्वारा छोड़े गए ट्रैक्टर ट्रालियां व अन्य वाहनों तथा पक्के मार्चों को हटाने का कार्य किया। जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा जारी कर दी गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही यातायात बहाल हो जाएगा।




**दोनों बॉर्डर यातायात के लिए खुले**

पंजाब पुलिस ने अंबाला और पटियाला के बीच शंभू बॉर्डर को 20 मार्च को ट्रैफिक के लिए खोल दिया था। इसके बाद दिल्ली-अमृतसर-जम्मू हाईवे पर आवाजाही शुरू हो गई है। पंजाब पुलिस ने 19 मार्च को ये दोनों बॉर्डर किसानों से खाली कराए थे।

## अभी सुरक्षा कड़ी रहेगी

पंजाब एवं हरियाणा की तरफ से किसान आंदोलन को लेकर फिलहाल शांति है। फिर भी जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधीश मोहम्मद इमरान रजा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह आदेश जिले में किसान आंदोलन के मद्देनजर बढ़ती संभावित अशांति, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की आशंका और कानून व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के अनुसारए अब जींद जिले की सीमाओं के भीतर 5 या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, किसी भी प्रकार के जुलूस निकालने, भडक़ाऊ भाषण देने या लाउडस्पीकर के माध्यम से उत्तेजक संगीत बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## बैठक में नहीं पहुंचे किसान

पंजाब के 2 किसान संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के पंजाब चैप्टर और भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) (उगराहां) ने राज्य सरकार की बुलाई मीटिंग का बायकॉट कर दिया। कृषि मंत्री ने चंडीगढ़ स्थित पंजाब भवन में यह मीटिंग बुलाई थी। दोनों संगठनों ने सरकार से बातचीत करने से मना कर दिया।

**101 किसानों को जेल भेजा:** केएमएमए के संयोजक सरवण पंधेर समेत 101 किसानों को पटियाला की सेंट्रल जेल भेजा गया है, जबकि संयुक्त किसान मोर्चा (नॉन पॉलिटिकल) के नेता जगजीत डल्लेवाल ने इलाज लेने से इनकार कर दिया। डॉक्टरों की टीम आर्मी कंट्रोल एरिया जालंधर कैंट के रेस्ट हाउस में उनकी निगरानी कर रही है।

**प्रदेश सरकार की पहल**

## अब 104 नंबर डायल कर ले सकेंगे डॉक्टर्स की अपॉइंटमेंट

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा स्वास्थ्य विभाग ने शुक्रवार को प्रदेश के लोगों के लिए बड़ी पहल की है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री आरती सिंह राव ने एक पोर्टल का पंचकूला के सेक्टर-1 स्थित विश्राम गृह से शुभारंभ किया। अब लोग डॉक्टर से परामर्श लेने के लिए टोल फ्री नंबर 104 डायल कर बात कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के लिए यह एक ऐतिहासिक दिन है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित शिकायतों को भी इस पोर्टल पर दर्ज करवाया जा सकता है। शिकायतकर्ता से 5 दिन के अंदर-अंदर कॉल बैक की जाएगी। इस पोर्टल पर दवाइयों के बारे में जानकारी ली जा सकेगी। इस दौरान प्रदेश से सभी सीएमओ वीसी से जुड़े। इसका मुख्य उद्देश्य नागरिक अस्पतालों में लोगों को लाइन में लगने से बचाना है। डायल 104 पर पहले से डॉक्टर से परामर्श लेने का समय लिया जा सकेगा। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।



स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने किया पोर्टल का शुभारंभ

**2 अप्रैल से मूल्यांकन**

## 15 मई तक आएगा 10वीं-12वीं का परिणाम



**भिवानी (हरिभूमि न्यूज)।** पहली बार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने परीक्षाओं के दरम्यान सीनियर सकेंडरी व सेंकेडरी कक्षाओं की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन व रिजल्ट घोषित करने की तारीख तय कर दी। दो अप्रैल से उत्तरपुस्तिकाओं की मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और 15 मई तक रिजल्ट घोषित होगा। हालांकि अभी शिक्षा बोर्ड ने इन तारीख को टनटेटिव तय किया है,लेकिन इन तिथियों को फाइनल तारीख मानकर शिक्षा बोर्ड के अधिकारियों ने काम शुरू कर दिया है। 15 मई तक रिजल्ट घोषित होने के बाद 12वीं पास करने वाले विद्यार्थियों के अगली क्लास में दाखिले को लेकर यह फैसला लिया है। शिक्षा बोर्ड ने चल रही परीक्षाओं के बीच में मार्किंग व रिजल्ट घोषित करने का शैडयूल तय किया है। अब से पहले मार्किंग का शैडयूल तो तय हो जाता था,लेकिन रिजल्ट का शैडयूल अभी तक नहीं हुआ था। पहली बार शिक्षा बोर्ड ने रिजल्ट घोषित करने की डैडलाइन तय की है। अगर बोर्ड प्रशासन इस तय तिथि पर रिजल्ट घोषित कर देता है तो उसके लिए यह सबसे बड़ी उपलब्धी होगी।

*चैयरमैन बोले, ऑफ लाइन होगी उत्तरपुस्तिकाओं की मार्किंग*

### दिल्ली हाईकोर्ट जज के घर पर आग व कैश मामले में नया मोड़

# फायर डिपार्टमेंट बोला, कैश नहीं मिला सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अफवाहें फैलाई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर आग लगने और करीब 15 करोड़ रुपये नगद मिलने के मामले में शुक्रवार शाम को नया मोड़ आ गया। दिल्ली फायर ब्रिगेड चीफ अतुल गर्ग का कहना है कि जस्टिस वर्मा के घर आग बुझाने के दौरान फायर ब्रिगेड की टीम को कोई नकदी नहीं मिली। गर्ग के मुताबिक 14 मार्च की रात जज के बंगले पर आग लगने की खबर मिली। टीम को आग बुझाने में 15 मिनट लगे। टीम को वहां नकदी नहीं मिली थी। वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले पर कहा कि कैश मिलने की गलत सूचनाएं और अफवाहें फैलाई जा रही हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मामले में सीजेआई संजीव खन्ना को प्राइमरी रिपोर्ट सौंपेंगे। इसके बाद आगे की कार्रवाई होगी। पूरे घटनाक्रम के दौरान सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा का वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया।

**पहले कहा था, 15 करोड़ बरामद हुए**



सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा का वापस इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर किया, प्रारंभिक जांच भी शुरू की गई

■

इलाहबाद बार एसोसिएशन ने पूछा-क्या हम कूड़ादान हैं, वकीलों ने तबादला करने पर उठाया सवाल, इस्तीफे की मांग की

### ट्रांसफर का कैश मामले से संबंध नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया कि जज के बंगले से कैश मिलने की खबर और उनके तबादले का आपस में कोई संबंध नहीं है। यह कॉलेजियम का रुटीन फैसला है।

### विरोध में बार एसोसिएशन

इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसो. ने जस्टिस वर्मा के वापस इलाहाबाद ट्रांसफर का विरोध किया और कहा कि कॉलेजियम के फैसले से गंभीर सवाल उठ रहा है कि क्या हम कूड़ादान हैं। वकीलों ने वर्मा के इस्तीफे की मांग की है।

### सीजेआई को सौंपेंगे रिपोर्ट

- जज के घर से कैश मिलने की खबरें सामने आने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने प्राइमरी जांच शुरू कर दी थी।
- 20 मार्च की शाम सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने भी मीटिंग की। दिल्ली हाईकोर्ट चीफ जस्टिस डीके उपाध्याय ने सबूत और सूचना जुटाने के लिए आंतरिक जांच प्रक्रिया शुरू की थी। इसकी रिपोर्ट सीजेआई संजीव खन्ना को सौंपी जाएगी।
- कॉलेजियम रिपोर्ट की जांच करेगा, उसके बाद एक्शन लिया जाएगा।
- अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट को आंतरिक जांच करानी चाहिए। जज को बात कहने का अवसर देकर सभी तथ्य सामने लाए।

### राज्यसभा में भी उठा मामला

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी पर चर्चा की मांग की। राज्यसभा के चेयरमैन व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है। वह इस मुद्दे पर एक स्ट्रक्चर्ड डिस्कशन करवाएंगे। वह सदन के नेता और विपक्ष के नेता से संपर्क करेंगे और सत्र के दौरान व्यवस्थित चर्चा के लिए तंत्र तलाशेंगे। जयराम रमेश ने कहा- आज सुबह हमने चौंकाने वाली खबर पढ़ी, जिसमें दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज के घर से भारी मात्रा में नकदी बरामद होने की बात सामने आई है। रमेश ने यह भी याद दिलाया कि पहले 50 सांसदों ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक जज के खिलाफ महाभियोग का नोटिस दिया था, लेकिन उस पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेयरमैन से अनुरोध किया कि न्यायिक जवाबदेही बढ़ाने के लिए सरकार को दिशा-निर्देश दिए जाएं।

# यमुनानगर में शर्त लगाकर यमुना में कूदे 3 छात्र, 2 बहे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

पश्चिमी यमुना नहर में बाड़ी माजरा पुल के पास नहर को तैरकर पार करने की शर्त लगाकर 3 छात्र पानी में कूद गए। पानी के तेज बहाव में 2 छात्र बह गए, जबकि एक समय रहते वापस लौट आया। बताया जा रहा है कि मॉडल टाउन सरकारी स्कूल के 8वीं कक्षा में पढ़ने वाले 17 छात्र हिंदी का पेपर देने के बाद शुक्रवार दोपहर पश्चिमी यमुना नहर में नहाने गए थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गोताखोरों की सहायता से छात्रों की तलाश शुरू कर दी। शुक्रवार को 8वीं कक्षा का हिंदी का पेपर था। पेपर खत्म होने के बाद 17 छात्र नहाने चले गए। इस दौरान लाजपत नगर कॉलोनी निवासी कृष्णा(14), हमीदा निवासी लक्की(16) और एक अन्य छात्र के बीच यमुना पार करने को लेकर 100-100 रुपये की शर्त लग गई। जिसके बाद तीनों पानी में कूद गए। एक छात्र वापस लौट आया, जबकि कृष्णा व लक्की पानी के तेज बहाव में बह गए। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस व छात्रों के परिजन मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से पानी में डूबे छात्रों को ढूंढने का प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली।



हिंदी का पेपर देकर बाड़ी माजरा पुल पर नहाने के लिए गए थे 17 विद्यार्थी

■

मॉडल टाउन सरकारी स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्र थे सभी

**लद्दाख में हादसा**

## सैन्य वाहन खाई में गिरा दो जवानों की जान गई

**नई दिल्ली (भाषा)।** लद्दाख में हुए एक सड़क हादसे में सेना के दो जवानों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में जान गंवाने वाले जवानों की पहचान हवलदार किशोर बारा और सिपाही सूरज कुमार के रूप में हुई है। लेह स्थित 'फायर एंड फ्यूरी कोर' ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "जीओसी, फायर एंड फ्यूरी कोर और सभी स्तर के कर्मचारी हवलदार किशोर बारा और सिपाही सूरज कुमार को सलाम करते हैं, जिन्होंने 20 मार्च 2025 को लद्दाख में कर्तव्य के निर्वहन के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया और दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं।"

**देर शाम वारदात : साढू के जीजा पर गोली मारने के आरोप**

*चचेरे भाई समेत दो घायल*

## पानीपत में जजपा नेता रविंद्र के माथे में गोली मारकर हत्या

**पानीपत (हरिभूमि न्यूज)।** पानीपत में शुक्रवार रात करीब सवा 8 बजे जननायक जनता पार्टी (जजपा) के नेता की माथे में गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर ने जजपा नेता रविंद्र मीना के साथ उनके चचेरे भाई और एक अन्य पर भी फायरिंग की। ये दोनों घायल हैं, जबकि मीना की मौत हो गई। बताया जा रहा है इस वारदात को पड़ोसियों ने ही अंजाम दिया है। हालांकि पुलिस की प्राथमिक जांच में रविन्द्र की विवाहिता साली और उसके पति के बीच अनबन के कारण साढू के जीजा द्वारा गोली मारने की बात सामने आ रही है। आरोपित रविंद्र के ही पैतृक गांव जागसी जिला सोनीपत का रहने वाला है और पानीपत के विकास नगर में रविंद्र की गली में ही रहता था। दोनों घायलों को निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस की जांच में पता चला कि जागसी गांव का रणबीर, विनीत और विनय भी विकास नगर की दो नंबर गली में रहते हैं। रविंद्र उर्फ मीना की साली की शादी रणबीर के साले के साथ हुई थी। दोनों में कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। शुक्रवार शाम को रणबीर उसके पड़ोसी राजबीर के घर आया। उसने आते ही उससे पानी मांगा। इसी दौरान विनय भी वहां आ गया। आरोप है कि रणबीर ने आते ही विनय के पेट में पिस्टल से गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर रविंद्र उर्फ मीना और विनीत भी पहुंच गए। रणबीर ने सीधे रविंद्र के माथे में गोली मार दी और एक गोली विनीत के पेट में मारी। रणबीर मौके से भाग गया। परिजन तीनों को सिवाह गांव के एक प्राइवेट अस्पताल में लेकर गए। जहां चिकित्सक ने रविंद्र उर्फ मीना को मृत घोषित कर दिया।

**शुभ घड़ी** परिजनों ने किया खुलासा, 2 नवंबर को होगी शादी

*अंशुल ने महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज से की है बीकॉम*

# जींद की अंशुल के साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे रोहतक के बॉक्सर पंघाल, 30 को गोद भराई

अमरजीत एस गिल ▸▸| रोहतक

साल 2018 में एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता गांव मायना के बॉक्सर अमित पंघाल 2 नवंबर को जींद के गांव पालवां की अंशुल के साथ परिणय सूत्र में बंधेंगे। 30 मार्च को जींद में गोद भराई की रस्म होगी। अंशुल ने महारानी किशोरी कन्या जाट कॉलेज रोहतक से बीकॉम किया है। उनकी मां सीमा देवी पीजीआईएमएस रोहतक में स्टॉफ नर्स हैं, जबकि पिता कुलदीप सिंह का बागवानी-फूल से संबंधित व्यवसाय है। अंशुल का परिवार जींद शहर में रहता है। पंघाल ने साल 2015 में स्नातक उत्तीर्ण की और अब सेना में जेसीओ पद पर तैनात है।

**मां पीजीआईएमएस में स्टाफ नर्स और पिता का बागवानी व्यवसाय**



### नंबर वन बॉक्सर रहे

पंघाल का जन्म 16 अक्टूबर 1995 को रोहतक के मायना गांव में हुआ। 52 किग्रा वर्ग में वे दुनिया के नंबर वन बॉक्सर भी रहे। पिता विजेंद्र पंघाल किसान हैं, मां गृहणी हैं।

### ठाठ-बाट से शादी

पंघाल ने अपनी जीवन संगिनी के रूप में साधारण परिवार की लड़की को ही चुना है। अमित के पिता बिजेंद्र सिंह और मां लक्ष्मी देवी ने कहा कि हम बेटे की शादी ठाठ-बाट से करेंगे। 30 मार्च को बहु की गोद भराई के लिए परिवार जींद जाएगा। इसके बाद दो नवंबर को शादी होगी।



### हरियाणा और पंजाब के ओलंपियन उदिता और मनदीप ने रचाई शादी

**जालंधर।** हरियाणा-पंजाब के 2 हॉकी ओलंपियन शादी के बंधन में बंध गए हैं। हिसार की रहने वाली वुमन हॉकी टीम की डिफेंडर उदिता दूहन और जालंधर के हॉकी टीम के स्ट्राइकर मनदीप सिंह ने शुक्रवार सुबह जालंधर के मॉडल टाउन स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब में लावां (फेरे) लिए।





आकर्षक लाभों के साथ जीवन बीमा सुरक्षा

| पॉलिसी अवधि | प्रीमियम भुगतान अवधि |
|---|---|
| 16 | 10 |
| 21 | 15 |
| 25 | 16 |

एलआईसी का जीवन लाभ

एक पार, नॉन-लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत योजना

Plan No.: 736 UIN No.: 512N304V03

- न्यूनतम मूल बीमा राशि : ₹200,000/-
- अधिकतम मूल बीमा राशि : कोई सीमा नहीं
- प्रवेश की न्यूनतम आयु : 8 वर्ष
- प्रवेश की अधिकतम आयु : पॉलिसी अवधि 25/21/16 वर्ष के लिए 50/54/59 वर्ष

अधिक जानकारी के लिए, अपने एजेंट/निकटतम एलआईसी शाखा से संपर्क करें या अपने शहर का नाम 56767474 पर एसएमएस करें।

डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital | विज़िट करें: licindia.in | कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827 | हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090 कहिए 'Hi'

हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever | IRDAI Regn No.: 512

"प्रोडक्ट के अंतर्गत दर्शाए गए बोनसों के जोखिम घटकों की कोई गारंटी नहीं है. पिछली कार्यकुशलता भावी बोनसों के बारे में किसी संकेत की रचना नहीं करती है तथा ये प्रोडक्ट्स बीमा कंपनी की निवेशों, व्ययों के प्रबंधन, मर्त्यता तथा कालातीत होने के रूप में समग्र कार्यकुशलता के अधीन है."

LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

हर पल आपके साथ

LIC/P1/2024-25/52/Hin

**धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें.** आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.

## खबर संक्षेप

### हीरो मोटाकॉर्प खरीदेगी यूलर मोटर में हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** देश की अग्रणी दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने कहा कि उसने 525 करोड़ रुपये में यूलर मोटर्स में 32.5 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल करके इलेक्ट्रिक तिपहिया खंड में कदम रखा है। निदेशक मंडल ने यूलर मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड में एक या अधिक किस्तों में 525 करोड़ रुपये तक के रणनीतिक निवेश को मंजूरी दी है।

### शेयर बाजार में पांचवें दिन जारी रही तेजी

**मुंबई।** विदेशी कोषों की लिवाली और बैंक शेयरों में बढ़त के दम पर घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार पांचवें दिन बढ़त के साथ बंद हुए। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स में 557 अंक और निफ्टी में 160 अंक की तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 557.45 अंक उछलकर 76,905.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 693.88 अंक बढ़कर 77,041.94 पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 159.75 अंक प्रतिशत चढ़कर 23,350.40 अंक पर बंद हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने इस साल दो बार ब्याज दरों में कटौती की बात कही है। इससे घरेलू बाजार में आशावाद फिर से जग गया है। सेंसेक्स के शेयरों में एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एक्सिस बैंक, नेस्ले, लार्सन एंड टूब्रो, टाटा मोटर्स, आईसीआईसीआई बैंक, पावर ग्रिड और जोमैटो लाभ में रहे। दूसरी ओर इन्फोसिस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन और बजाज फिनसर्व में गिरावट हुई।

## सेबी के सदस्य नारायण ने कहा, सोशल मीडिया प्रभावित करने की क्षमता रखता है

# सेबी ने पिछले साल 70 हजार भ्रामक सोशल मीडिया पोस्ट और खाते हटाए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पूर्णकालिक सदस्य अनंत नारायण जी ने शुक्रवार को कहा कि पिछले साल 'फिन-इन्फ्लुएंसर' ढांचे के क्रियान्वयन के बाद से सोशल मीडिया मंचों के साथ परामर्श कर 70,000 भ्रामक खाते और 'पोस्ट' हटाए गए हैं।

सोशल मीडिया पर वित्तीय मामलों में लोगों को प्रभावित करने की क्षमता रखने वालों को फिन-इन्फ्लुएंसर कहते हैं। नारायण ने बताया कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा शेयर बेचने की चिंताओं के बीच कुल मिलाकर निवेश प्रवाह उतना बुरा नहीं है, जितना सोचा गया था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में एफआईआई का निवेश जारी है।

### सोशल मीडिया कंपनियों के साथ काम जारी है

नारायण ने कहा कि अपंजीकृत निवेश सलाहकार और शोध विश्लेषक एक "खतरा" हैं, जो निवेश में बढ़ती रुचि का फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने यहां पंजीकृत निवेश सलाहकारों द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, " अक्टूबर 2024 से सेबी ने 70,000 से अधिक भ्रामक खातों/'पोस्ट' को हटाने के लिए सोशल मीडिया कंपनियों के साथ काम किया है।"

### सलाहकारों की मदद मांगी

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य ने कहा कि उन्होंने अनुपालन सुनिश्चित करने में सलाहकारों की मदद मांगी। उन्होंने साथ ही सेबी-पंजीकृत संस्थाओं की पहचान करने में मदद के लिए यूपीआई 'पेराइट' खाते और इस दिशा में सेबी के प्रयासों के रूप में वैकल्पिक केंद्रीकृत शुल्क संग्रह तंत्र का उल्लेख किया।




- भारत में एफआईआई का निवेश जारी है
- अपंजीकृत निवेश सलाहकारों से निवेशकों को खतरा है
- फिन-इन्फ्यूएंसर बढ़ती निवेशकों की रूचि का फायदा उठा रहे

### अधिग्रहण मानकों से संबंधित ऑनलाइन पोर्टल हुआ अनिवार्य

बाजार नियामक सेबी ने कहा कि 'अधिग्रहण विनियम" के तहत शेयर अधिग्रहण में कुछ छूट से संबंधित रिपोर्ट ईमेल और हाल ही में जारी मध्यस्थ पोर्टल दोनों के जरिये पेश की जा सकती हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि यह दोहरी प्रस्तुति प्रणाली अभी से 14 मई, 2025 तक ही लागू रहेगी। इसके बाद रिपोर्ट रखने के लिए केवल ऑनलाइन पोर्टल का ही इस्तेमाल किया जाएगा।

### पांच वर्षों में 54 अरब डॉलर का विदेशी प्रवाह रहा

नारायण ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में शेयर और ऋण में 54 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी प्रवाह देखा गया है, जो पिछले पांच वर्षों के 19 अरब अमेरिकी डॉलर से बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की रुचि बनाए रखने के लिए निरंतर वृद्धि, व्यापक आर्थिक स्थिरता और कामकाज का उचित माहौल देने की जरूरत है।

**एफपीआई के पास 62 लाख करोड़ ऋण थे :** सेबी के सदस्य ने कहा कि फरवरी 2025 तक एफपीआई के पास भारतीय शेयर में 62 लाख करोड़ रुपये या 700 अरब डॉलर से अधिक और ऋण के रूप में करीब 5.9 लाख करोड़ रुपये या 68 अरब डॉलर थे।

### एफपीआई की निकासी उतनी बुरी नहीं

वाणिज्यिक बैंकर से नियामक बने नारायण ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) की निकासी पर कहा कि स्थिति उतनी बुरी नहीं है, लेकिन " हमें आत्मसंतुष्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि भारत को विदेशी बचत की आवश्यकता है।"




## भारतीय शास्त्र सृष्टि के रहस्यों को जानने का माध्यम : धामी



**हरिद्वार।** 'हमारे शास्त्र केवल ग्रंथ नहीं, बल्कि संपूर्ण सृष्टि के रहस्यों को जानने का माध्यम हैं। भारतीय शास्त्रों और ग्रंथों में ऐसे अद्भुत सूत्र निहित हैं, जो आधुनिक ज्ञान-विज्ञान में परिलक्षित होते हैं।' उक्ताशय के विचार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पतंजलि विश्वविद्यालय में आयोजित 62वीं अखिल भारतीय शास्त्रोत्सव स्पर्धा के समापन समारोह में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति और परंपरा का आधार हमारे प्राचीन शास्त्र हैं, जिनमें विज्ञान, योग, चिकित्सा, गणित और दर्शन के गूढ़ रहस्य समाहित हैं। कार्यक्रम में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण ने संस्कृत को तीर्थ और संस्कृति का गौरव बताते हुए जीवन में प्राचीन भारतीय शास्त्रों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा को जीवन की उन्नति का मार्गदर्शक बताया। आचार्य जी ने देशभर से आए विद्वानों, विद्यार्थियों, शोधार्थियों और सनातन परंपरा के अनुयायियों को दिशा-निर्देश दिए कि वेद और शास्त्रों के महत्व को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सतत प्रयास करते रहें। शास्त्रोत्सव के समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री, उत्तराखण्ड, डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने कहा कि संस्कृत कोई थकी-हारी भाषा नहीं है, बल्कि इसमें पूरे विश्व में अपना परचम लहराने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत में समस्त ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी समाहित है।

## सोना 400 रुपये टूटकर 91,250 पर, चांदी में 1700 की गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में कमजोरी और मुनाफावसूली की गतिविधियों के कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सराफा बाजार में सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना कल 91,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये की गिरावट के साथ 90,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जो एक दिन पहले 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, ''व्यापारियों द्वारा मुनाफावसूली और डॉलर में आए सुधार के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल द्वारा अमेरिका में वृद्धि की रफ्तार सुस्त होने और मुद्रास्फीति बढ़ने की टिप्पणियों से कीमती धातु में गिरावट आई है।''

## रुपया 36 पैसे मजबूत होकर 86.00 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में तेजी और विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह के बीच रुपये ने शुक्रवार को लगातार छठे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की और 36 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.00 (अस्थायी) पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.26 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 85.93 प्रति डॉलर के उच्च स्तर और 86.30 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को छुआ। कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 86.00 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 36 पैसे की बढ़त दर्शाता है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 मार्च को समाप्त सप्ताह में 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.271 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15.267 अरब डॉलर बढ़कर 653.966 अरब डॉलर हो गया था। यह दो वर्षों में किसी एक सप्ताह में आया सबसे तेज उछाल था। इस उछाल का श्रेय 28 फरवरी को केंद्रीय बैंक द्वारा किए गए 10 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा विनिमय को दिया गया। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद के लिए आरबीआई द्वारा विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ पुनर्मूल्यांकन के कारण हाल ही में विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का रुख रहा है। सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।


### चिकित्सा

बिना बताए शराब, अफीम, सिगरेट छुड़ाएं

दमा, खांसी, नजला, मोटापा होना, कमजोरी, पेट के रोगों व मोटापे का देसी ईलाज।

हमराज़ क्लीनिक
11am-5pm Ph: 9811301362
1936, फव्वारा, चाँदनी चौक, दिल्ली - 110006
F-23/101, अवन्तिका चौक, सैक्टर - 3, रोहिणी, दिल्ली - 85
Ph: 9811301362, 9999301362
10am - 9pm

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### जॉब

☞ सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी भारतीय वनविभाग में सीधी पक्की भर्ती, परमानेंट बेसेस पर, आवेदन करें, (10वी+12वीं) पास लड़के लड़कियां, आवेदन के लिए, आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो, मार्कशीट व्हाटसएप करें, पद-वनसिपाही, वनरक्षक, क्लर्क, वनपाल सैलरी -(25000/-से 35000/-) संपर्क करें- 9933803418


## राशिफल

**मेष:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

**वृष:** मन परेशान रहेगा। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि भी हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मिथुन:** मन अशान्त हो सकता है। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कुटुम्ब परिवार में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

**कर्क:** मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। तरक्की के अवसर भी मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

**सिंह:** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में किसी दूसरे स्थान पर जाना हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला:** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। खर्चों में वृद्धि होगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। नौकरी में पदोन्नति के साथ परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में बदलाव भी हो सकता है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान भी हो सकता है। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त हो सकते हैं।

**कुंभ:** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। आय में वृद्धि होगी।

**मीन:** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है।

## एईएसएल को गुजरात में 2,800 करोड़ की ट्रांसमिशन परियोजना मिली

**अहमदाबाद।** भारत की सबसे बड़ी निजी ट्रांसमिशन और वितरण कंपनी और वैश्विक रूप से विविधीकृत अदानी पोर्टफोलियो का हिस्सा अदानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने आज कहा कि उसे गुजरात में एक पावर ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट मिला है, जो गुजरात के मुंद्रा में ग्रीन हाइड्रोजन और ग्रीन अमोनिया के निर्माण के लिए ग्रीन इलेक्ट्रॉन की आपूर्ति करेगा। इस परियोजना की लागत लगभग 2,800 करोड़ रुपये होगी और इसे 36 महीनों में पूरे देश में पहुँचाया जाएगा। इस परियोजना 'मुंद्रा, गुजरात में ग्रीन हाइड्रोजन/अमोनिया निर्माण क्षमता के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम' में दो बड़े 765/400 केवी ट्रांसफॉर्मर जोड़कर नवीनल (मुंद्रा) विद्युत सबस्टेशन को अपग्रेड करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, इस सबस्टेशन को भुज सब स्टेशन से जोड़ने के लिए 75 किलोमीटर लंबी 765केवी डबल-सर्किट लाइन का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना से एईएसएल के समग्र ट्रांसमिशन इंफ्रास्ट्रक्चर में 150 सीकेएम ट्रांसमिशन लाइनें और 3,000 एमवीए की परिवर्तन क्षमता जुड़ेगी, जिससे उनकी क्षमता क्रमशः 25,928 सीकेएम और 87,186 एमवीए हो जाएगी।


### नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रशासनिक भवन बरवाला के परिसर में कैंटिन व साईकिल स्टैण्ड का ठेका वर्ष 2025-26 (01.04.2025 से 31.03.2026) के लिए बैठक कक्ष भूतल में दिनांक 26.03.2025 को दोपहर 12 बजे आम बोली द्वारा नीलामी की जाएगी। बोली की शर्त जोकि किसी भी कार्य दिवस को उपमंडल अधिकारी (ना.) बरवाला की नाजर शाखा में देखी जा सकती है:-

प्रशासनिक परिसर बरवाला।

1. कैंटिन की दुकान।
2. साईकिल स्टैण्ड का ठेका।

नोटः उपरोक्त बोली के लिए इच्छुक व्यक्ति/बोलीदाता 50000/-रूपये डी.डी. उपमंण्डल अधिकारी (नागरिक) बरवाला के नाम से नाजर शाखा में जमा करवाकर बोली दे सकता है।

हस्ता/-उपमंडल अधिकारी (ना.)
बरवाला

पीआरडीएच 1029/11/540/2025/33147/88/6 दि. 21.03.2025

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कृष्ण पावड़िया** पुत्र **जगमिंदर सिंह** निवासी **गांव थारू विडेपुर, थाना सोनीपत सदर, जिला सोनीपत, हरियाणा** ने case **FIR No. 489/2021 U/s 20/25 NDPS Act, थाना बाबा हरिदास नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त **कृष्ण पावड़िया** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कृष्ण पावड़िर्या** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 489/2021 U/s 20/25 NDPS Act, थाना बाबा हरिदास नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **कृष्ण पावड़िया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.04.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री मनु गोयल खरब
एलडी. अतिरिक्त सत्र न्यायाधिश (विशेष न्यायाधिश एनडीपीएस एक्ट)
द्वारका कोर्ट, दिल्ली
DP/3544/DW/2025(Court Matter)

### हाउसिंग फोर ऑल विभाग हरियाणा

सी-15, आवास भवन, सेक्टर-6, पंचकूला-134109
ई-मेल hfapmayg@gmail.com

#### सार्वजनिक सूचना

इच्छुक उम्मीदवारों से एतद द्वारा 15 जिला कोऑर्डिनेटर और 140 ब्लॉक कोऑर्डिनेटर की नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन अनुबंध आधार पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आमंत्रित किये जाते हैं। ऐसी प्रत्येक नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यताओं के विवरण, अनुभव और पारिश्रमिक इत्यादि के लिए कृपया लिंक deployment.setchartron.in पर पधारें।

ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि विज्ञापन की तिथि से 30 दिन के अंदर होगी।

महानिदेशक
हाउसिंग फोर ऑल विभाग
पंचकूला, हरियाणा

पीआरडीएच-2246/11/2/2025/33157/88/6 दि. 21.03.25

### उत्तर रेलवे

#### खुली ई-निविदा सूचना

मुख्य विद्युत अभियंता/परियोजना, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदाकार अपना मूल/संशोधित प्रस्ताव निर्धारित समापन समय एवं तिथि तक प्रस्तुत कर सकते हैं। कोई भी निविदा मैन्युअल रूप से स्वीकार नहीं की जाएगी।

**निविदा संख्या:** NR-Proj-UMB-25013. **कार्य का नाम:**– "उत्तर रेलवे के अम्बाला डिवीजन (180 आरकेएम/360 टीकेएम) के सानेहवाल-अम्बाला-सहारनपुर खंड के बीच मौजूदा 1x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम को 2x25 केवी इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन सिस्टम में अपग्रेड करने के लिए फीडर कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग।"

| लगभग लागत (रु.) | धरोहर राशि (रु.) | कार्य पूरा करने की अवधि (महीने) | निविदा दस्तावेज की लागत (रु.) | निविदा बंद की तिथि | निविदा खुलने की तिथि | प्री-बिड कांफ्रेंस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 81.66 Cr. | 42,33,400/- | 24 | Nil | 06.05.2025 at 15:00 Hrs | 06.05.2025 at 15:30 Hrs | हाँ |
| बिडिंग प्रणाली | बिडिंग टाइप | स्वतः एलिमिनेशन नियम लागू | प्रारंभिक कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम) | मिनिमम डीक्रिमेंट (%) | सब्सिकुयंट कूलिंग ऑफ पीरियड (एचएचःएमएम) | |
| दो पैकेट पद्धति | टू स्टेज रिवर्स ऑक्सन | हाँ | 04:00 | 0.2 | 00:20 | |

**कार्य की समान प्रकृति:** "50 हट्र्ज, एकल चरण 25 केवी एसी ओएचई या 2X25 केवी ओएचई कार्य का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग"।

निविदा दस्तावेज रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं और इन्हें वहां से डाउनलोड किया जा सकता है। ई-टेंडरिंग के संबंध में बयाना राशि/धरोहर राशि जमा (Bid security) और निविदा दस्तावेज लागत (TDC) केवल नेट बैंकिंग और भुगतान गेटवे के माध्यम से ही स्वीकार की जाएगी। सॉफ्टवेयर (आईआरईपीएस) में बैंक खाता संख्या और तकनीकी विवरण उपलब्ध कराए गए हैं, जिन तक संभावित पंजीकृत निविदाकर्ताओं को निविदा के समय पहुंच होगी।

**नोटः** तकनीकी और वित्तीय पात्रता और अन्य सभी नियम और शर्तें, निविदा दस्तावेज में देखी जा सकती हैं और रेलवे की वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in से डाउनलोड की जा सकती हैं।

निविदा सूचना क्रमांक: NR/Proj/UMB/Advt./08 तारीख: 21.03.2025 895/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :–

SW/JSO/1412

मनकि देवेन्द्र सिहं पुत्र बलबीर सिहं पुत्र कुड़े, निवासी एवं बिस्वेदार गांव याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा), में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020-21, व इन्तकाल नं0 5511 विरासत के अनुसार अराजी खेवट न0 4/4मिन, खाता न0 4, मु0 न0 34, किला न0 10(3-4), 11(0-17), मु0 न0 39, किला न0 12(7-8), किते 3, तादादी रकबा 11 कनाल 9 मरले का 1203/3320 भाग, बकदर 4 कनाल 2.97 मरले का मालिक व काबिज है जिसमें से कुल रकबे का 1461/22900 भाग, बकदर 0 कनाल 14.61 मरले व खेवट न0 6/6मिन, खाता न0 6, मु0 न0 35, किला न0 2/2(2-9), 3(8-0), 6(8-0), 7(7-8), 8(8-0), 9(8-0), 14(7-8), 15(8-0), 16/1(6-18), किते 9, तादादी रकबा 64 कनाल 3 मरले का 1203/3320 भाग, बकदर 23 कनाल 4.89 मरले व खेवट न0 13/13मिन, खाता न0 13, मु0 न0 33, किला न0 1/1/1(4-18), 2/2(4-16), 9(7-0), किते 3, तादादी रकबा 16 कनाल 14 मरले का 99/668 भाग, बकदर 2 कनाल 9.5 मरले, उपरोक्त सभी खेवटों से तादादी रकबा 26 कनाल 9 मरले (3.30625 एकड़) वाका रकबा मौजा याकूबपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 33, किला न0 2/2 मिन दक्षिण (3-11), 9 मिन उत्तर (1-7), मु0 न0 34, किला न0 10(3-4), 11(0-17), मु0 न0 35, किला न0 6 मिन पूर्व (0-8), 14 मिन दक्षिण (4-17), 15 मिन पूर्व दक्षिण (5-7), 16/1(6-18), किते 8, तादादी रकबा 26 कनाल 9 मरले (3.30625 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।


SW/JSO/1415

मनकि राजबाला पत्नी रामबीर सिहं पुत्र लखीराम, निवासी गांव जहांगीरपुर, तहसील बादली, जिला झज्जर एवं बिस्वेदार गांव बामडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा), में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2019-20 व इन्तकाल नं0 2947 बैय, के अनुसार अराजी खेवट न0 532/393, खाता न0 542, मु0 न0 1, किला न0 6/2(5-16), 15/2(7-12), 16/1(7-12), 25/2(6-11), मु0 न0 2, किला न0 11/1(5-7), मु0 न0 63, किला न0 22(8-0), 23/1(3-16), किते 7, तादादी रकबा 44 कनाल 14 मरले का 13/298 भाग, बकदर 1 कनाल 19 मरले व खेवट न0 536/397, खाता न0 546, मु0 न0 72, किला न0 26(0-14), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 14 मरले का 3/32 भाग, बकदर 0 कनाल 1.31 मरला, उपरोक्त दोनों खेवटों से कुल तादादी रकबा 2 कनाल 0.31 मरला (0.2519375 एकड़) वाका रकबा मौजा बामडौला, तहसील बादली, जिला झज्जर की मालिक व काबिज है। जिसका तबादला प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्ष द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 63, किला न0 23/1 मिन पूर्व (1-19), मु0 न0 72, किला न0 26 मिन उत्तर (0-1.31), किते 2, तादादी रकबा 2 कनाल 0.31 मरला (0.2519375 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।


अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नही रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 21.03.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14, गुरुग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## शब्द पहेली - 5812



**बाएँ से दाएँ**

1.लूटमार,डाका-4
5.रपटना -4
9.डोली उठानेवाले-3
10.पुत्र,लड़का-3
12.अधिकार-2
14.नवीन,नया-2
15.एक विदेशी शराब-2
16.कला,हुनर-2
17.मां का प्यार-3
19.दम,बल,जोर-3
21.पपीहा,पपीहरा-3
22.करामात,कारनामा-4
24.शमशीर,कृपाण-4
25.तरंगित,लहरीय-5
26.बोरिया-बिस्तर-4
29.साले की पत्नी-4
33.प्रयास,यत्न-3
34.सहायता,सहयोग-3
36.लीन,तल्लीन-3
37.गहन वन,बुनाई कर्म-2
38.टुकड़ा,कण-2
39.मैं का बहुवचन-2
41.भीगा हुआ-2
42.अंधकार,अंधेरा-3
43.द्रव मापने की इकाई-3
45.प्राचीर,स्तंभ-4
46.बादला,जरबाफ-4

**ऊपर से नीचे**

2.अधिकार-2
3.जगत,दुनिया-3
4. सुनसान शांति,-4
5.आदत-4
6.साजन, बालम-3
7.क्रमबद्धता-2
8.मूर्ख,बेवकूफ-4
11.बुनाई करने वाला-4
13.कटि,मध्यांग-3
16.धार्मिक आज्ञा-3
18.पितामह-2
20.कमर में पहनने वाला आभूषण -5
21.चलने का ढ़ंग-2
23.पिया,साजन-3
24.दया,रहम-3
26.बेमिसाल, अनूठा-4
27.स्वदेश,मातृभूमि-3
28.जनता,आम लोग -2
30.मैं का बहुवचन-2
31.अभिरुचि,तल्लीनता-3
32.जनता की राय-4
34.उपाधि,पदवी-4
35.देहरी,चौखट-4
38.कक्ष,रूम-3
40.बटाणा,काबुली-3
42.स्तर,परत-2
44.ईश्वर,खुदा,भगवान-2

### शब्द पहेली- 5811 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | म | ल | म | ल | | | र | ह | न | |
| चा | य | | हा | | जा | सू | स | | शा | म |
| टु | | | रा | श | न | | म | | | न |
| का | र | गु | जा | री | | का | | दु | का | न |
| र | | ना | | फ | न | का | र | | फि | |
| | चा | ह | | | | | | भ | ला | |
| | ह | | अ | च | क | न | | वं | | अ |
| क | त | रा | | र्म | | क | म | र | बं | द |
| म | | | ब | | ला | ल | च | | | र |
| र | न | | ल | की | र | | ल | | आ | क |
| | म | ज | मा | | | अ | ना | या | स | |

# आईपीएल : नए नियम और नए कप्तान बदलेंगे मैचों का रुख, 7 टीमों में नए खिलाड़ी पर भरोसा

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

गत चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच शनिवार को यहां होने वाले मैच से इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सत्र का आगाज होगा जिसमें नए नियमों और नए कप्तानों पर सभी की निगाह रहेगी। नए नियमों में सबसे महत्वपूर्ण गेंद पर लार लगाने की अनुमति फिर से देना है। आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। कोविड-19 महामारी के कारण गेंद पर लार लगाना प्रतिबंधित कर दिया गया था। अन्य नियमों में शाम को खेले जाने वाले मैचों में अगर अंपायरों को लगता है कि ओस खेल पर अपना प्रभाव डाल रही है तो वह दूसरी पारी के 11वें ओवर से नई गेंद का इस्तेमाल करने की अनुमति दे सकते हैं। शाम को होने वाले मैचों पर यह नियम लागू नहीं होगा। इसके अलावा टीम ऊंचाई और ऑफसाइड की वाइड के लिए भी निर्णय समीक्षा प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं। इन सब के बीच इंपैक्ट प्लेयर का नियम पहले की तरह बरकरार रहेगा।



## रजत के नाम ने चौंकाया

आईपीएल 2025 में कम से कम सात टीम नए कप्तान के साथ मैदान पर उतरेंगी। इनमें से कुछ खिलाड़ी विभिन्न कारण से कुछ मैच में ही अपनी टीम की अगुवाई करेंगे। सबसे चौंकाने वाला फैसला आरसीबी ने रजत पाटीदार को कप्तान बनाकर किया। अक्षर पटेल दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे जबकि 2024 में केकेआर को चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कमान संभालेंगे। कोलकाता की टीम की कप्तानी इस बार अजिंक्य रहाणे को सौंपी गई है। संजू सैमसन की उंगली की चोट के कारण रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के शुरुआती मैचों में कप्तानी करेंगे।

## 43 वर्षीय धोनी की धमक 13 के वैभव में सूर्य सा ओज

पिछले कुछ वर्षों से महेंद्र सिंह धोनी की आईपीएल से संन्यास को लेकर चर्चा चलती रही है लेकिन यह 43 वर्षीय खिलाड़ी अब भी चेन्नई की टीम का अभिन्न अंग बना हुआ है। उन्होंने 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था लेकिन उन्होंने आईपीएल में खेलना जारी रखा है। धोनी से ठीक 30 साल छोटे वैभव सूर्यवंशी भी इस बार आईपीएल का हिस्सा होंगे। राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें अपनी टीम से जोड़ा है और यह देखना दिलचस्प होगा कि उन्हें कितने मैच में खेलने का मौका मिलता है।





## टीमों ने बदले सहयोगी स्टाफ

आईपीएल में इस बार कुछ टीमों के सहयोगी स्टाफ में भी बदलाव किया गया है। रिकी पोंटिंग दिल्ली कैपिटल्स को छोड़कर पंजाब किंग्स में मुख्य कोच बन गए हैं। पोंटिंग की जगह हेमांग बदानी को दिल्ली कैपिटल्स का मुख्य कोच बनाया गया है। केविन पीटरसन दिल्ली कैपिटल्स में मेंटर के रूप में शामिल हो गए हैं, जबकि राहुल द्रविड़ मुख्य कोच के रूप में राजस्थान रॉयल्स में लौट आए हैं। लंबे समय तक चेन्नई की तरफ से खेलने वाले ड्वेन ब्रावो केकेआर के मेंटर होंगे।

## रोहित-कोहली पर नजर

रोहित शर्मा और विराट कोहली पर भी इस बार नजर रहेगी। पिछले साल भारत के टी20 विश्व कप में भारत के विजय अभियान का अंग रहे इन दोनों बल्लेबाजों ने इसके बाद सबसे छोटे प्रारूप के अंतरराष्ट्रीय स्तर से संन्यास ले लिया था। इसके बाद वह पहली बार टी20 क्रिकेट में खेलते हुए नजर आएंगे।



## वरुण के चक्र का विराट असर



अगर शनिवार को होने वाले मैच की बात करें तो कोलकाता और बेंगलुरु दोनों ही जीत के साथ शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। इस मैच में सभी की निगाह स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पर टिकी रहेंगी जिसमें उनका सामना कोहली और फिल साल्ट जैसे धुरंधर बल्लेबाजों से होगा। चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## आईपीएल से जुड़े आंकड़े

### सबसे ज्यादा रन

| खिलाड़ी | टीम | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली | बेंगलुरु | 8004 |
| शिखर धवन | 5 टीम | 6769 |
| रोहित शर्मा | मुंबई | 6628 |
| डेविड वार्नर | दिल्ली/हैदराबाद | 6565 |
| सुरेश रैना | चेन्नई/गुजरात | 5528 |

### व्यक्तिगत स्कोर

| खिलाड़ी | गेंद | रन |
|---|---|---|
| क्रिस गेल | 66 | 175 |
| बैंडन मैकुलम | 73 | 158* |
| क्विंटन डिकॉक | 70 | 140* |
| एबी डिविलियर्स | 59 | 133* |
| लोकेश राहुल | 69 | 132* |

### सबसे ज्यादा रन से जीत

| टीम | खिलाफ | जीत |
|---|---|---|
| मुंबई | दिल्ली | 146 |
| बेंगलुरु | गुजरात | 144 |
| कोलकाता | बेंगलुरु | 140 |
| बेंगलुरु | पंजाब | 138 |
| बेंगलुरु | पुणे | 130 |

### टीम का सर्वोच्च स्कोर

| टीम | खिलाफ | स्कोर |
|---|---|---|
| हैदराबाद | बेंगलुरु | 287/3 |
| हैदराबाद | मंबई | 277/3 |
| कोलकाता | दिल्ली | 272/7 |
| हैदराबाद | दिल्ली | 266/7 |
| बेंगलुरु | पुणे | 263/5 |

### टीम का सबसे छोटा स्कोर

| टीम | खिलाफ | रन |
|---|---|---|
| बेंगलुरु | कोलकाता | 49 |
| राजस्थान | बेंगलुरु | 58 |
| राजस्थान | बेंगलुरु | 59 |
| दिल्ली | मुंबई | 66 |
| दिल्ली | पंजाब | 67 |

### सबसे सफल टीम

मुंबई इंडियंस : 5 खिताब
2013, 2015, 2017, 2019, 2020

चेन्नई सुपर किंग्स : 5 खिताब
2010, 2011, 2018, 2021, 2023

कोलकाता नाइट राइडर्स : 3 खिताब
2012, 2014, 2024

### सबसे ज्यादा विकेट

| खिलाड़ी | विकेट |
|---|---|
| युजवेंद्र चहल | 205 |
| पीयूष चावला | 192 |
| ड्वेन ब्रावो | 183 |
| भुवनेश्वर कुमार | 181 |
| सुनील नारायण | 180 |

### सबसे ज्यादा मैच

| खिलाड़ी | मैच |
|---|---|
| महेंद्र सिंह धोनी | 264 |
| दिनेश कार्तिक | 257 |
| रोहित शर्मा | 257 |
| विराट कोहली | 252 |
| रविंद्र जडेजा | 240 |

### सबसे ज्यादा कैच

| खिलाड़ी | कैच |
|---|---|
| विराट कोहली | 114 |
| सुरेश रैना | 109 |
| कीरोन पोलार्ड | 103 |
| रविंद्र जडेजा | 103 |
| रोहित शर्मा | 101 |

# पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को नौ विकेट से रौंदा, हसन का शतक



एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

पाकिस्तान ने हसन नवाज की 45 गेंद में खेली गई नाबाद 105 रन की पारी से शुक्रवार को यहां तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में न्यूजीलैंड को नौ विकेट से हराकर श्रृंखला जीवंत रखी।

न्यूजीलैंड ने पांच मैच की श्रृंखला के शुरुआती दोनों मैच नौ विकेट और पांच विकेट से जीते थे। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद घरेलू टीम को 19.5 ओवर में 204 रन पर समेट दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए नवाज ने अपना पहला शतक जड़ा। कप्तान सलमान अली आगा (51 रन) ने दूसरे विकेट के लिए नवाज के साथ 133 रन की अटूट साझेदारी बनाने में अच्छा साथ निभाया। टीम ने पूरे चार ओवर रहते एक विकेट पर 207 रन बनाकर न्यूजीलैंड को विकेटों के लिहाज से टी20 में सबसे करारी शिकस्त दी। नवाज पहले दो मैच में खाता भी नहीं खोल सके थे।

## प्रणति विश्व कप में वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई

**नई दिल्ली।** भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक ने तुर्की के अंताल्या में एफआईजी अप्लायन्सेज विश्व कप के क्वालिफिकेशन राउंड में तीसरा स्थान हासिल कर वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। टोक्यो ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली 29 वर्षीय प्रणति ने वॉल्ट क्वालिफिकेशन में 13.317 के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाई। वह जयला हैंग (13.783) और क्लेयर पीज़ (13.584) की अमेरिकी जोड़ी से पीछे रहीं।



## आईओसी का ऐतिहासिक फैसला पहली बार महिला बनी अध्यक्ष

**कोस्टा नवारिनो।** जिम्बाब्वे की खेल मंत्री और दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता तैराक क्रिस्टी कॉवेंट्री को गुरुवार रात को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति की नई अध्यक्ष चुना गया। कॉवेंट्री इस पद पर चुनी जाने वाली पहली महिला और संभवतः पहली अफ्रीकी हैं। आइओसी के चुनाव में कॉवेंट्री के पक्ष में 97 सदस्यों में से 49 ने पक्ष में मतदान किए। 41 वर्षीय कॉवेंट्री 2033 तक आईओसी अध्यक्ष पद पर रहेंगी और वह इस पद पर चुनी जाने वाली सबसे युवा हैं।



## पुणे मैराथन चैंपियन किरुलकर 3 साल और मोरे 5 साल के लिए बैन


**नई दिल्ली।** भारत के लंबी दूरी के धावक प्रधान किरुलकर और विवेक मोरे को प्रतिबंधित पदार्थों के जांच में पॉजिटिव आने पर 'एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट' द्वारा क्रमशः तीन और पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इन दोनों खिलाड़ियों के नमूने 15 दिसंबर 2024 को पुणे हाफ मैराथन के दौरान लिए गए थे। किरुलकर ने 1:04:22 के समय के साथ पुणे हाफ मैराथन जीती थी। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला में जांच के दौरान उनके नमूने में 'मेल्डोनियम' पाया गया था। उनकी प्रतिबंध अवधि 19 फरवरी से शुरू हुई है और 15 दिसंबर 2024 के बाद से उनके सभी परिणाम अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे।

## शंगुमन ने एथलेटिक्स में दो स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के धावक रमेश शंगुमन ने शुक्रवार को यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों के दूसरे दिन पुरुषों की 800 मीटर टी53/टी54 स्पर्धा और पुरुषों की 100 मीटर टी53/टी54 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिए। तमिलनाडु रमेश ने 'ट्रैक एवं फील्ड' स्पर्धाओं में शानदार शुरुआत दिलाई। दिन के अंत में तमिलनाडु ने 44 में से नौ स्वर्ण पदक अपनी झोली में डाले। चेन्नई के शंगुमन पूर्व बास्केटबॉल खिलाड़ी हैं और तिरुचिरापल्ली के एक किसान परिवार से हैं। आठ साल की उम्र में एक ट्रक दुर्घटना में उनके पैर कट गए थे।







## चिंतन

# जाति-धर्म की जंजीरें जितना जल्द तोड़ दें, उतना अच्छा

हमारे कानून में सबके समान अधिकार हैं। सबसे कमजोर समुदाय के लिए विशेष प्रावधान भी हैं। आजादी के बाद से अब तक सरकारों ने भी अनेक तरह की सुविधाएं, लाभ देकर कमजोर तबके को सक्षम बनाने के लिए अरबों रुपये खर्च किए। न जाने कितने जागरूकता अभियान चलाए गए, लेकिन इन सबके बावजूद आज भी ऐसी घटनाएं सामने आ जाती हैं, जो न केवल शर्मसार करने वाली हैं बल्कि सोचने पर भी मजबूर करती हैं कि हम 21वीं सदी में पहुंचने के बाद भी भेदभाव से ऊपर नहीं उठ पा रहे हैं। बीते दिनों एक के बाद एक दो ऐसी ही खबरें सामने आईं। आगरा के धनौली गांव में रहने वाले मुकेश के बेटे की शादी 6 मार्च को थी। गांव के एक रसूखदार परिवार ने बारात रुकवा दी। मुकेश कहते हैं, 'हम दलित हैं, इसीलिए हमारे साथ ऐसा हुआ। हमारे साथ मारपीट की गई। पुलिस ने भी उनकी शिकायत दर्ज नहीं की। जब मामला सुर्खियों में आया तो 10 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई। जाति के नाम पर ये बर्ताव झेलने वाले मुकेश अकेले नहीं हैं। उतरप्रदेश के ही बुलंदशहर में फरवरी में एक गांव से ऐसी दो घटनाएं सामने आईं। यहां भी दलित परिवार के लड़कों को बैंड-बाजे के साथ बारात नहीं निकालने दी गई। हर दिन ऐसी खबरों से अखबारों के पन्ने अटे मिलते हैं। जाहिर है कि ये कानून व्यवस्था का मामला नहीं है। ये वो दाग हैं जो हमारे विकसित होने पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। क्या विकास का मतलब केवल फ्लाईओवर, सड़क, शेयर बाजार, उद्योग, एफडीआई वगैरा ही हैं। समाज के सभी तबकों को साथ लिए बिना विकास की बात करना भी बेमानी है। अगर आप इस तरह के मामलों पर किसी भी उच्च वर्ग से बात करें तो वे तपाक से कहते हैं कि अब ऐसी घटनाएं यदाकदा ही होती हैं। जबकि सच्चाई ये है कि ऐसे मामले लगातार बढ़ रहे हैं। देश में 2018 में दलित उत्पीड़न के 42793 केस दर्ज हुए वहीं 2022 आते-आते यह संख्या बढ़कर 57582 हो गई। देश के सबसे बड़े राज्य उतरप्रदेश में 2018 में दलित पर अत्याचार के 11924 मामले दर्ज हुए वहीं 2022 में यह संख्या बढ़कर 15368 हो गई। अब बताए कहां कम हो रहे हैं दलितों पर अत्याचार। देखा जा सकता है कि रवींद्रनाथ, प्रेमचंद और गांधी के दौर से ही जाति और धार्मिक समुदाय पर आधारित राष्ट्रवाद का एक अटूट सिलसिला रहा है। यह भी साफ है कि आम जनमानस में बड़े पैमाने पर मौजूद जातिवाद, धार्मिक रूढ़ियों और सामंती निरंकुशता को आजादी के बाद दूर करने का सचेत रूप से व्यापक प्रयास भी किया गया, लेकिन समाज में गहरी जड़ें जमा चुका भेदभाव महज कुछ कम हुआ है, खत्म होना आज भी दूर की कौड़ी है। यह भी देखा जा सकता है कि भारत की बहुलता में श्रेष्ठता के काफी तत्व हैं। उन्हें अब भी खोजकर उपयोग में लाया जा सकता है। लेकिन ऊंच-नीच भारतीय जनता की एकता और सांस्कृतिक सुधार के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा हैं। यह देखना महत्वपूर्ण है कि हमारे पास क्या चीजें ज्यादा हैं, अतीत की बुरी स्मृतियां या भविष्य के बड़े स्वप्न। इसी पर निर्भर करेगा कि भारत के भावी इतिहास में यह भेदभाव क्या रंग दिखाएगा। इस समय न वैश्वीकरण एक जाति और एक धर्म को लेकर चल सकता है और न ही लोकतंत्र एक विशेष जाति और एक विशेष धर्म को लेकर विकसित हो सकता है। इस तथ्य को ध्यान में रखना चाहिए कि दुनिया का बदलना अभी रुका नहीं है। इसलिए पुरानी खाइयां और जंजीरों को जितनी जल्द तोड़ दिया जाए उतना अच्छा है, वरना हम विकसित नहीं पिछड़े ही रहेंगे।



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# बढ़ती घरेलू मांग से आर्थिक उन्नति

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

हाल ही में 19 मार्च को एक बार फिर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रेटबार्ट न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि यद्यपि भारत के साथ उनके रिश्ते बहुत अच्छे हैं, लेकिन भारत के साथ एकमात्र समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भारत शायद उन शुल्क को काफी कम करने जा रहा है। फिर भी 2 अप्रैल से हम भारत से वही शुल्क वसूलेंगे जो भारत हमसे वसूलता है। ऐसे में विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि एक ओर जब राष्ट्रपति ट्रंप लगातार भारत सहित दुनिया के विभिन्न देशों को टैरिफ चक्रव्यूह में लेते जा रहे हैं और दुनिया में वैश्विक मंदी की आशंका है, तब भारत की बढ़ती मजबूत घरेलू मांग भारत के लिए नई आर्थिक शक्ति बन गई है।

उल्लेखनीय है कि 20 मार्च को ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि हालांकि अमेरिका की आक्रामक ट्रेड पॉलिसी एक बड़ा जोखिम है, लेकिन भारत इससे काफी हद तक अप्रभावित रहेगा और इस पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की बाहरी मांग पर कम निर्भरता और पर्याप्त आत्म-निर्भरता के कारण अर्थव्यवस्था इसके व्यापक असर से बची रहेगी। फिच ने इसके पहले भारत की संप्रभु रेटिंग के परिदृश्य को स्थिर बताते हुए कहा कि देश का विकास मजबूत दिख रहा है। फिच रेटिंग्स ने भारत की दीर्घकालिक विदेशी मुद्रा जारीकर्ता डिफॉल्ट रेटिंग को स्थिर परिदृश्य के साथ 'बीबीबी' के स्तर पर रखा है। फिच ने कहा कि भारत की रेटिंग अन्य देशों की तुलना में मजबूत ग्रोथ और बाहरी वित्तीय लचीलापन दर्शा रही है, जिससे अर्थव्यवस्था को पिछले साल के बड़े बाहरी झटकों से पार पाने में मदद मिली है। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की जीडीपी ग्रोथ 6.5 प्रतिशत रहेगी। साथ ही अगले कुछ सालों तक भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

यहां पर हाल ही में प्रकाशित वित्तीय सेवा कंपनी मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट भी उल्लेखनीय है। इसमें कहा गया है कि भारत घरेलू मांग की ताकत पर 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार 2023 में 3.5 ट्रिलियन डॉलर वाली भारतीय अर्थव्यवस्था 2026 तक 4.7 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। इसके साथ ही भारत साल 2026 तक अमेरिका, चीन और जर्मनी के बाद दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा और साल 2028 तक यह 5.7 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचकर जर्मनी से भी आगे निकल जाएगा। निःसंदेह देश के उपभोक्ता बाजार को देश का मध्यम वर्ग नई आर्थिक ताकत दे रहा है। देश में आर्थिक सुधारों के साथ ऊंची विकास दर और शहरीकरण की ऊंची वृद्धि दर के बलबूते भारत में मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

हाल ही में प्रकाशित द राइज ऑफ मिडल क्लास इंडिया नामक डॉक्यूमेंट के मुताबिक भारत के मध्यम वर्ग के लोगों की संख्या तेजी से बढ़कर 2020-21 में लगभग 43 करोड़ हो गई है और 2047 तक यह संख्या बढ़कर



102 करोड़ तक पहुंचने का अनुमान है। इस वर्ग को 5 लाख से 30 लाख रुपये की वार्षिक आय वाले परिवारों के रूप में परिभाषित किया गया है।

निश्चित रूप से नए टैरिफ युद्ध की बढ़ती आशंकाओं के बीच भारत का मध्यम वर्ग भारतीय अर्थव्यवस्था की नई शक्ति बन गया है। भारत के मध्यम वर्ग की मुट्ठियों में बढ़ती क्रय शक्ति और जेन जी एवं मिलेनियल्स की आंखों में उपभोग और खुशहाली के जो सपनें दिखाई दे रहे, उनके कारण जहाँ दुनिया के कई देश भारत से आर्थिक और कारोबारी संबंध बढ़ाने के लिए तत्पर हैं, वहीं दुनिया की बड़ी-बड़ी कंपनियाँ अपने नामी ब्रांडों के साथ भारत के बहुआयामी उपभोक्ता बाजार में नई रणनीतियों के साथ दस्तक दे रही हैं। वैश्विक खुदरा सेवाओं से जुड़ी कंपनियां भारत में तेजी से पैर पसार रही हैं। चूंकि घरेलू मांग और खपत भारत की शक्ति है, अतएव निश्चित रूप से एक अप्रैल 2025 से प्रभावी होने वाला वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग की खरीदी की क्षमता बढ़ाते हुए दिखाई दे रहा है। वित्तमंत्री के द्वारा टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बनाकर खर्चों और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश इस बजट में दिखाई दी है। वित्तमंत्री ने मजबूत वित्तीय मुठ्ठी से आयकर के नए टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित किया गया है।

नई टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है, ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हैं। वित्तमंत्री ने नए बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की, जिसके तहत 12 लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी हैं।

निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। निःसंदेह इस समय जब ट्रंप के टैरिफ वार की आशंका से दुनिया में बहुत तेजी के साथ आर्थिक और कारोबारी उठापटक चल रही है, तब दुनिया में होते इस बदलाव के मद्देनजर हमें भी भारत के आर्थिक और कारोबारी हितों को सबसे पहले और सबसे ऊपर रखना होगा। इस समय वैश्विक व्यापार नए सिरे से दोबारा स्थापित होने जा रहा है। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) अब मुख्य स्तम्भ के रूप में नहीं बचा है और सबसे पसंदीदा राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत गैर-भेदभावपूर्ण शुल्क खत्म हो रहे हैं। हर देश चाहता है कि उसके साथ विशेष व्यवहार किया जाए। हमें उसी रास्ते पर चलना होगा तथा देश की मजबूत घरेलू मांग और मध्यम वर्ग की चमकती हुई क्रय शक्ति का आधार बनाकर दुनिया के विभिन्न देशों के साथ आर्थिक और कारोबारी संबंधों को नई दिशा देना होगी।

निःसंदेह ट्रंप की टैरिफ संबंधी नई चुनौतियों के बीच भारत की बढ़ती हुई मजबूत घरेलू मांग भारत की नई आर्थिक शक्ति है। ऐसे में भारत घरेलू बाजार में तेजी से खपत बढ़ाने की रणनीति के साथ अमेरिका से टैरिफ मार के मुकाबले के लिए सुनियोजित रूप से आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा। साथ ही मजबूत घरेलू बाजार की रणनीति देश को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में भी मील का पत्थर बनते हुई दिखाई देगी।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## शहीदी दिवस

विवेक शुक्ला



# हिंदी में लिखते थे भगत सिंह

शहीदे ए आजम भगत सिंह की मातृभाषा पंजाबी थी। वे पंजाबी, हिंदी, उर्दू, अंग्रेजी और संस्कृत सही से लिख-पढ़ लेते थे। पर उन्होंने अपने विचारों को दूर तक लेकर जाने की गरज से हिंदी में लिखना शुरू किया। हिंदी में उनका पहला महत्वूर्ण निबंध संभवतः 'पंजाब में भाषा और लिपि की समस्या' विषय पर 1924 में लिख दिया गया था। वे तब 17 साल के थे। यह 28 फरवरी, 1933 के 'हिन्दी संदेश' में प्रकाशित हुआ था। भगत सिंह ने इस मुद्दे के विभिन्न पहलुओं गहराई से विश्लेषण किया था। भगत सिंह भाषा को जन चेतना और प्रगति का एक महत्वपूर्ण हथियार मानते थे। वे अपने गृह प्रदेश पंजाब में भाषा को लेकर चल रहे विवाद से परेशान थे। उस समय, पंजाब में मुख्य रूप से हिंदी, पंजाबी और उर्दू भाषाओं का प्रयोग होता था और प्रत्येक भाषा को बोलने वाले अपने-अपने दावों और हितों के साथ खड़े थे। उन्होंने इस बारे में सवाल खड़ा किया था- "... हमारे प्रांत का दुर्भाग्य रहा कि यहां भाषा को मजहबी रंग दे दिया गया।" भगत सिंह का जन्म 1907 के उस पंजाब में हुआ था, जहां पंजाबी और उर्दू का वर्चस्व था। हालांकि, हिंदी भी व्यापक रूप से समझी और उपयोग की जाती थी। हिंदू परिवारों में हिंदी पढ़ने-लिखने की परंपरा थी। उस दौर के पंजाब में आर्य समाज और सनातन धर्म हिंदी का प्रचार-प्रसार कर रहे थे। भगत सिंह का परिवार आर्य समाजी था। दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज में इतिहास के प्रोफेसर और 'भगत सिंह- रीविजिटेड' किताब के लेखक डॉ. चंद्रपाल सिंह कहते हैं कि भगत सिंह के दादा सरदार अर्जुन सिंह ने आर्य समाज से सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। वे दयानंद सरस्वती के भी करीबी थे। उनके परिवार में तब ही से हिंदी पढ़ी-लिखी जा रही थी।

दरअसल भगत सिंह जैसे-जैसे क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल हुए, उन्होंने समझ लिया कि वे हिंदी में लिखकर देश के आमजन तक पहुंचने में सफल रहेंगे। वे हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन (एचएसआरए) का हिस्सा बनने से भारत के विभिन्न हिस्सों के क्रांतिकारियों के संपर्क में आए, जिनमें से अधिकतर हिंदी भाषी थे। इस लिहाज से महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद का नाम लेना होगा। भगत सिंह के मन में चंद्रशेखर आजाद के प्रति गहरे सम्मान का भाव था। भगत सिंह मुख्य रूप से राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों पर कलम चलाते थे। उन्होंने कई हिंदी समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के लिए लिखा। भगत सिंह ने 'बलवंत सिंह, 'रणजीत' और 'विद्रोही' सहित कई छद्म नामों से लिखा। यह गिरफ्तारी से बचने के लिए एक आम बात थी। छद्म नाम से लिखने का एक बड़ा नुकसान ये हुआ कि उनके लेखों का कायदे से संकलन नहीं हुआ। भगत सिंह 1925 में कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी के अख़बार 'प्रताप' में नौकरी करने कानपुर गए थे। पीलखाना में प्रताप की प्रेस थी। वे उसके पास ही रहते थे। कहना ना होगा कि कानपुर में रहते हुए वे हिंदी को बेहतर तरीके से लिखने लगे होंगे। आखिर कानपुर हिंदी का गढ़ रहा है। भगत सिंह के अधिकांश प्रारंभिक लेखन अन्य स्वतंत्रता सेनानियों और उनके संघर्षों पर हैं। चाँद पत्रिका ने उन स्वतंत्रता सेनानियों पर एक विशेष अंक निकाला जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया था और भगत सिंह ने इसमें योगदान दिया था। उन्होंने उन बुनियादी मूल्यों और कार्यक्रमों के बारे में अधिक लिखा जिन्हें वे स्वतंत्रता, समानता, न्याय और सांप्रदायिक सद्भाव प्राप्त करने के लिए फैलाना चाहते थे। भगत सिंह के लेखन का भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन पर, विशेष रूप से युवाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा। उनके जोशीले और स्पष्ट तर्कों ने कई लोगों को स्वतंत्रता के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनके स्पष्ट हिंदी लेखन से उनके पाठकों की तादाद बढ़ती गई। हालांकि वे पारंपरिक अर्थों में पत्रकार नहीं थे, लेकिन हिंदी पत्रकारिता में उनका योगदान महत्वपूर्ण था और इसने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा को आकार देने में मदद की। यह आश्चर्यजनक और प्रेरणादायक है कि भगत सिंह ने यह सब इतनी कम उम्र में लिखा और वह भी एक प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी और आयोजक के रूप में अपनी अन्य सभी गतिविधियों के बीच। यह केवल बेहद कड़ी मेहनत के कारण संभव था जो प्रतिबद्धता के बहुत उच्च स्तर से प्रेरित था, साथ ही जो कुछ भी थोड़े अवसर मौजूद थे, उनका बहुत रचनात्मक उपयोग था। एक बात और, भगत सिंह ने अपने विचारों को फैलाने और लोगों को आंदोलनों में शामिल करने के लिए हिंदी में पर्चे और घोषणाएं भी जारी कीं। ये पर्चे सार्वजनिक स्थानों पर बांटे जाते थे और लोगों को स्वतंत्रता के लिए लड़ने के लिए प्रेरित करते थे। भगत सिंह ने अदालत में भी हिंदी का प्रयोग किया। उनका मानना था कि हिंदी आम लोगों की भाषा है और इसके माध्यम से वे अधिक लोगों तक अपनी बात पहुंचा सकते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित

दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## कभी भी अपने पद और धन का घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

देवताओं के कोषाध्यक्ष को एक दिन अपने पद और धन का घमंड हो गया है। इसी घमंड में वे शिव जी के पास पहुंच गए और शिव जी को सपरिवार अपने महल में खाने के लिए निमंत्रण दिया। शिवजी ने कहा कि मैं तो कहीं आता-जाता नहीं हूं, आप एक काम करें, गणेश को अपने साथ ले जाएं। खाने का निमंत्रण पाकर गणेश जी कुबेर के महल पहुंच गए। कुबेर ने उनके लिए बहुत सारा खाना बनवाया। गणेश जी खाने बैठे तो वे खाए जा रहे थे, थोड़ी ही देर में कुबेर की रसोई का पूरा खाना खत्म हो गया। गणेश जी ने और खाना मांगा। कुबेर ये देखकर घबरा गए। गणेश जी बार-बार खाना मांग रहे थे। कुबेर ने गणेश जी के सामने हाथ जोड़ लिए और कहा कि अब तो मेरे घर का सारा खाना खत्म हो गया है। गणेश जी ने कहा कि लेकिन मेरी भूख तो अभी शांत ही नहीं हुई है। मुझे अपने रसोईघर में ले चलो। कुबेर गणेश जी को रसोईघर में ले गए तो वहां रखी सभी चीजें गणेश खा गए। उन्होंने शिव जी को पूरी बात बता दी। शिव जी ने गणेश जी से कहा कि जाओ, माता पार्वती को बुलाकर लाओ। मां पार्वती को देखकर गणेश ने कहा कि मां, कुबेर देव के खाने से मेरी भूख शांत नहीं हुई है। पार्वती अपने रसोईघर में गईं और खाना बनाकर ले आईं। उन्होंने जैसे ही गणेश जी को अपने हाथ से खाना खिलाया तो गणेश तृप्त हो गए। मां और खिलाने लगी तो गणेश जी ने कहा, मां मेरा पेट भर गया है। ये सब देखकर कुबेर देव का घमंड टूट गया और उन्हें अपनी गलती समझ आ गई। कुबेर ने सभी से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### वनों को काटने से रोका जाए

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है।भारत में बहुत पहले से ही वनों और वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। फिर भी परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं। हमें इसे रोकना होगा। - **महेश पांडे**, धमतरी

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने मिसाइलों के परीक्षण का किया दावा

उत्तर कोरिया ने नई विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण करने का शुक्रवार को दावा किया। उत्तर कोरिया ने ऐसे समय में यह दावा किया है जब उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के खिलाफ गंभीर कदम उठाने की हाल में धमकी दी है। उत्तर कोरिया इन सैन्य अभ्यासों को उस पर हमले के अभ्यास के तौर पर देखता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने कहा कि देश के नेता किम जोंग उन की निगरानी में बृहस्पतिवार को ये मिसाइल परीक्षण किए गए। उसने कहा कि ये मिसाइल उत्तर कोरिया के लिए ''एक और प्रमुख रक्षा हथियार प्रणाली'' हैं। यह मिसाइल प्रक्षेपण इस वर्ष उत्तर कोरिया का छठा हथियार परीक्षण है। यह परीक्षण उसी दिन किया गया जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाओं ने अपना वार्षिक 'फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट' अभ्यास समाप्त किया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारी अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास को रक्षात्मक प्रकृति का बताते हैं लेकिन उत्तर कोरिया इसे अपनी सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बताता रहा है।



## ऑफ बीट

# बुध ग्रह अभी भी सिकुड़ता जा रहा

ग्रह वैज्ञानिक लंबे समय से जानते हैं कि बुध अरबों वर्षों से सिकुड़ रहा है। सूर्य के सबसे निकट ग्रह होने के बावजूद, आंतरिक गर्मी निकल जाने के कारण इसका आंतरिक भाग ठंडा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि जिस चट्टान (और, उसके भीतर, धातु) से यह बना है, उसका आयतन थोड़ा सिकुड़ता जा रहा है। हालाँकि, यह अज्ञात है कि ग्रह आज भी किस हद तक सिकुड़ रहा है – और, यदि यह वाकई सिकुड़ रहा है, तो यह भी कोई नहीं जानता कि यह प्रक्रिया कितने समय तक जारी रहने की संभावना है। चूँकि बुध का आंतरिक भाग सिकुड़ रहा है, इसकी सतह (परत) के पास ढकने के लिए उत्तरोत्तर कम क्षेत्र रह गया है। यह 'दबाव थ्रस्ट' विकसित करके इसका जवाब देता है – जहां क्षेत्र का एक भाग निकटवर्ती इलाके पर धकेल दिया जाता है। यह सेब के पुराने होने पर उस पर पड़ने वाली झुर्रियों की तरह है, फर्क सिर्फ इतना है कि एक सेब इसलिए सिकुड़ जाता है क्योंकि वह सूख रहा है जबकि बुध अपने आंतरिक भाग के तापीय संकुचन के कारण सिकुड़ रहा है। बुध के सिकुड़ने का पहला सबूत 1974 में सामने आया जब मेरिनर 10 मिशन ने सैकड़ों किलोमीटर तक अपना रास्ता बना चुकी कई किलोमीटर ऊंची स्कार्पियों (रैंप जैसी ढलानों) की तस्वीरें प्रसारित कीं।



## ट्रेंड

### उल्लेखनीय उपलब्धि



एक बिलियन टन कोयला उत्पादन के ऐतिहासिक मील के पत्थर को पार करना उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को उजागर करती है। यह उपलब्धि इस क्षेत्र से जुड़े लोगों के समर्पण और कड़ी मेहनत को भी दर्शाती है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नक्सलमुक्त होगा देश



मोदी सरकार नक्सलियों के विरुद्ध रुथलेस अप्रोच से आगे बढ़ रही है और समर्पण से लेकर समावेशन की तमाम सुविधाओं के बावजूद जो नक्सली आत्मसमर्पण नहीं कर रहे, उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। अगले साल 31 मार्च से पहले देश नक्सलमुक्त होने वाला है।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### पारिस्थितिक संतुलन



गौरैया कीड़े-मकौड़ों और कीटों को खाकर पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो परागण और बीज प्रसार के वाहक भी हैं।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्यमी

### कारखानों का दूषित जल



उप्र के भ्रष्टाचारी शासन की नदी से प्रदूषित प्रशासन की नहर निकली है जो मुजफ्फरनगर में कारखानों के गंदे जल को गंगा नहर में जाने से नज़रअंदाज़ कर रही है। इससे खेती भी प्रदूषित हो रही है।

-अखिलेश यादव, सपा सांसद

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## शाह ने रास में केंद्रीय गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का दिया जवाब

# अब कोई विस्फोट करने की हिम्मत नहीं कर सकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में शुक्रवार को कहा कि अब कोई भी व्यक्ति विस्फोट करके भागने की हिम्मत नहीं कर सकता, जैसा कि देश में पहले हुआ करता था। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। गृह मंत्रालय के कामकाज पर उच्च सदन में हुई चर्चा का जवाब दे रहे शाह ने कहा कि देश में पहले अक्सर विस्फोट होते थे। उन्होंने कहा कि 2008 में मुंबई में आतंकवादी हमला हुआ था। लेकिन पिछली सरकारों में आतंकवादियों के खिलाफ वैसी कठोर कार्रवाई नहीं की जाती थी जैसी होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि एक समय था जब बम विस्फोट होना आम बात थी। मैं बताना चाहता हूं कि पिछले 10 वर्षों से बम विस्फोटों का सिलसिला बंद हो गया है। अब कोई भी बम विस्फोट करने की हिम्मत नहीं कर सकता।

■ हम आतंकवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए प्रतिबद्ध



नई दिल्ली। राज्यसभा में चर्चा का जवाब देते केंद्रीय मंत्री शाह। फोटो : हरिभूमि

### समय रहते कदम उठाए होते तो मणिपुर नहीं जलता



राज्यसभा में विभिन्न दलों के सदस्यों ने केंद्र पर मणिपुर की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर समय रहते कदम उठाए गए होते तो इस राज्य में जातीय हिंसा भयानक रूप नहीं ले पाती। इन सदस्यों ने यह भी कहा कि विपक्ष शासित राज्यों के साथ केंद्र को प्रतिकूल रवैया नहीं अपनाना चाहिए। गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा में हिस्सा ले रहे शिवसेना के संजय राउत ने कहा कि सदन में गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा हो रही है लेकिन कई सदस्यों ने औरंगजेब पर चर्चा की।

### भारत स्वदेशी ड्रोन-रोधी समाधान की खोज के करीब

शाह ने रास को बताया कि भारत एक पूर्ण एवं स्वदेशी ड्रोन-रोधी समाधान की खोज के बहुत करीब है और यह काम छह महीने के भीतर हो जाएगा। गृह मंत्रालय के कामकाज पर रास में चर्चा का जवाब देते हुए शाह ने कहा, ''हम ड्रोन-रोधी पूर्ण समाधान पाने के बहुत करीब हैं। हमने छह प्रयोग किए हैं, मुझे उम्मीद है कि छह महीने के भीतर हमारे पास ड्रोन-रोधी स्वदेशी समाधान होगा, जो 'मेक इन इंडिया' का प्रतीक होगा।''

### >> आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद नासूर

जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए परिवर्तन के बारे में प्रश्न पूछने वाले विपक्षी नेताओं पर करारा प्रहार करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि इसके समाप्त होने के बाद वहां आतंकवाद, पथराव, जबरदस्ती बंद की घटनाओं में भारी कमी आई है तथा राज्य में जितना निवेश आया, उतना आजादी के बाद कभी नहीं हुआ था। शाह ने जम्मू कश्मीर एवं वहां के आतंकवाद, वाम नक्सलवाद एवं पूर्वोत्तर के उग्रवाद को 'तीन नासूर' की संज्ञा दी।

■ घाटी में अनुच्छेद 370 हटने के बाद आतंकवाद और पथराव में भारी कमी आई

### दिल्ली कानून व्यवस्था पर बोले, और सुधार की जरुरत

केंद्रीय गृहमंत्री ने दिल्ली में कानून व्यवस्था को लेकर केंद्र की जिम्मेदारी को स्वीकार करते हुए कहा कि दिल्ली पुलिस केंद्र सरकार के अधीन है। उन्होंने जोर दिया कि दिल्ली में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा, खासकर घुसपैठियों और संगठित अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के जरिए। चर्चा की शुरूआत करते हुए कांग्रेस के अजय माकन और आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने एनसीआरबी के आंकडों के हवाले से दिन-ब-दिन दिल्ली की बदतर होती कानून व्यवस्था का मामला उठाया था।

### लोस में तपेदिक पर देखने को मिला रोचक हास्य-विनोद



लोकसभा में तपेदिक (ट्यूबरक्लोसिस) के मामले पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी.नड्डा के बीच हास्य विनोद का एक रोचक वाकया देखने को मिला। विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों द्वारा पूछे जा रहे प्रश्नों के जवाब के दौरान नड्डा ने सदन के सभी सदस्यों से साल में एक बार अनिवार्य रूप से विस्तृत स्वास्थ्य जांच कराने का अनुरोध किया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को नसीहत देते हुए कहा कि अपनी नहीं अपने क्षेत्र की आम जनता की साल में एक बार व्यापक स्वास्थ्य जांच कराने के लिए कहिए।

## कृषि में विविधीकरण पर ध्यानः चौहान

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को लोकसभा में कृषि मंत्रालय से संबंधित अनुदान की मांगों पर चर्चा के दौरान कहा कि मोदी सरकार की नीति-रीति किसानों को सशक्त करने की है। किसान मजबूत होगा तो देश समृद्ध होगा। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन्होंने खेत नहीं देखे, पगडंडियां नहीं देखी, मिट्टी नहीं जानते, वे किसान हित की बात करते हैं। उन्होंने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद देता हूँ। खाद्यान्न एवं फल-सब्जियों के उत्पादन व उत्पादकता में लगातार वृद्धि हो रही है, इसके पीछे प्रधानमंत्री की सुव्यवस्थित रणनीति, अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं।



## राहुल गांधी मुस्लिम कोटे की बैसाखी का इस्तेमाल कर रहेः संबित पात्रा



भाजपा ने कांग्रेस पर कर्नाटक में कॉन्ट्रैक्ट जिहाद का लगाया आरोप

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** भाजपा ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी मुस्लिम कोटे की बैसाखी का इस्तेमाल अपनी राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि इसके बिना वह कुछ नहीं कर पाएंगे। भाजपा ने कांग्रेस पर कर्नाटक में कॉन्ट्रैक्ट जिहाद करने का आरोप लगाते हुए इसकी निंदा की। राज्य विधानसभा ने सरकारी अनुबंधों में मुसलमानों के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण की अनुमति देने वाला विधेयक पारित किया है। भाजपा ने इसे ओबीसी, एससी और एसटी के अधिकारों का उल्लंघन बताया। भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने दावा किया कि राहुल गांधी ने राज्य सरकार के फैसले को आगे बढ़ाया। संबित पात्रा ने कहा कि कर्नाटक विस में आज कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता विधेयक में संशोधन के साथ पारित किया गया है। आज से कर्नाटक में जो सरकारी ठेके हैं, उन ठेकों में 4 प्रतिशत आरक्षण मुसलमानों के लिए आरक्षित हैं।

### कर्नाटक विस अध्यक्ष का अनादर करने का आरोप



# भाजपा के 18 विधायक निलंबित मार्शलों से सदन से बाहर करवाया

■ मुख्यमंत्री समेत मंत्रियों और विधायकों की सैलरी दोगुनी हुई

भाषा ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यू. टी. खादर का कथित तौर पर अनादर करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 18 विधायकों को शुक्रवार को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया। विधानसभा ने विधि एवं संसदीय कार्य मंत्री द्वारा प्रस्तुत निलंबन प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया। स्पीकर यूटी खादर ने मार्शलों को बुलाकर हंगामा कर रहे विधायकों को सदन से बाहर करवा दिया। भाजपा विधायकों को ऐसे समय में निलंबित किया गया है।

### इन पर की कार्यवाही

निलंबित किए सदस्यों में भाजपा के मुख्य सचेतक डोड्डनगौड़ा पाटिल, सी. एन. अश्वथ नारायण, बी. ए. बसवराजू, एम. आर. पाटिल, शरणू सलगर, यशपाल सुवर्ण, बी. पी. हरीश, भरत शेट्टी, मुनिरत्न और बसवराज एम. शामिल हैं। हंगामे के बीच सरकार ने मुख्यमंत्री, मंत्रियों और विधायकों की सैलरी 100% बढ़ाने का बिल पास कर दिया। विधेयक को मंत्री पाटिल ने पेश किया। पारित होने से मुख्यमंत्री का वेतन 75 हजार रुपए से बढ़कर 1.5 लाख रुपए प्रतिमाह हो जाएगा।

## आज जजों का प्रतिनिधिमंडल पूर्वोत्तर राज्य का दौरा करेगा

■ ऑल मणिपुर बार एसो से न्यायाधीश को चुराचांदपुर जाने से रोकने वाला आग्रह वापस लेने की अपील

**इंफाल/चुराचंदपुर(भाषा)।** ऑल मणिपुर बार एसोसिएशन (एएमबीए) ने चुराचांदपुर जिला बार एसोसिएशन से अपील की है कि वह उच्चतम न्यायालय के एक मेइती न्यायाधीश को कुकी-जो बहुल क्षेत्र का दौरा करने से रोकने वाला अपना अनुरोध वापस ले। उच्चतम न्यायालय के छह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश, न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह शामिल हैं। इस प्रतिनिधिमंडल का जातीय हिंसा प्रभावित पूर्वोत्तर राज्य का शनिवार को दौरा करने का कार्यक्रम है। वे इस दौरे के दौरान चुराचांदपुर जिले में राहत सामग्री वितरित करेंगे।

## भागवत ने एबीपीएस बैठक का उद्घाटन किया

भाषा ▶▶| बेंगलुरु



■ बैठक में मणिपुर की स्थिति पर विस्तर से चर्चा होगी
■ शिक्षा के लिए मातृभाषा के इस्तेमाल का समर्थन किया

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक (प्रमुख) मोहन भागवत ने शुक्रवार को आरएसएस के शीर्ष निर्णायक मंडल 'अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस)' की तीन दिवसीय बैठक का उद्घाटन किया। इस बैठक में मणिपुर की स्थिति और देश में 'उत्तर-दक्षिण विभाजन' पैदा करने के प्रयासों पर चर्चा की जाएगी। आरएसएस के संयुक्त महासचिव सीआर मुकुंदा ने कहा कि बैठक में समसामयिक और ज्वलंत मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे। मुकुंदा ने कहा कि मणिपुर पिछले 20 महीनों से कठिन दौर से गुजर रहा है, लेकिन अब कुछ उम्मीदें जगी हैं। जब हम मणिपुर को लेकर केंद्र सरकार की दृष्टि को देखते हैं तो इसमें वहां के लोगों के लिए आशा की किरण दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि आरएसएस स्थिति का विश्लेषण कर रहा है और उसका मानना है कि 'सामान्य माहौल बनने में लंबा वक्त लगेगा। संघ मातृभाषा को शिक्षा और दैनिक संचार का माध्यम बनाने का समर्थन करता है।

हरियाणा सरकार | निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प जीन्द | जिला जीन्द के गांव किनाना में प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र (पीएचसी) का निर्माण + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.04.2025 | 460.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 2 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव संतोर ब्लॉक और जिला चरखी दादरी में सामान्य चौपाल को पूरा करना, डी प्लान योजना + 1 कार्य। | 13.03.2025 20.03.2025 | 13.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416927275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज करनाल | पुण्डरी – गांव पुण्डरी ब्लॉक घरौंडा में कमला मोड से तालाब तक, 2. ईश्वर रोड से नैन सिंह त्यागी तक आरसीसी नाला का निर्माण। | 20.03.2025 29.03.2025 | 26.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज झज्जर | बिरधाना, ब्लॉक झज्जर में झज्जर मोड से गिरावड़ रोड तक फिरनी का 36.01 – पेवमेंट + 3 कार्य। | 17.03.2025 25.03.2025 | 223.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 5 | उपायुक्त, अध्यक्ष, डीआईटीएस झज्जर | एक वर्ष हेतु आईसीटी – अनेबल मदों और उपभोग्यों की खरीद हेतु दर अनुबंध (आरसी)। | 20.03.2025 16.04.2025 | 10000/- | https://jhajjar.nic.in | 9355805581 ditsjjr@gmail.com |
| 6 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | राज्य के राजकीय स्कूल में एलईडी / टीवी (डिजिटल उपकरण) इंटीग्रेशन ऑफ टेक्नोलॉजी के माध्यम से ट्रांसफॉर्मिंग शिक्षा हेतु। | 22.03.2025 21.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 7 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. इंटर ऐक्टिव फ्लैट पैनल डिस्प्ले 2. वेब कैमरा 3. एसैट मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर (फैक्टरी प्रीलोडेड)। | 22.03.2025 21.04.2025 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/140/33183/I/88/6 दि. 21.03.25

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय
भारत सरकार

# हर बच्चे को चाहिए एक प्यार-भरा परिवार



जब किसी बच्चे के पास माता-पिता या संरक्षक के रूप में देखभाल करने वाले नहीं होते तो उन्हें प्यार भरा परिवार देने के लिए अडॉप्शन एक बेहतरीन तरीका है।

### कौन अडॉप्ट कर सकता है?

जो पात्र भारतीय नागरिक और NRI/OCI/विदेशी नागरिक बच्चे को अडॉप्ट करना चाहते हैं, उन्हें 'Parents' टैब से CARINGS पोर्टल (carings.wcd.gov.in) पर ऑनलाइन रजिस्टर करना होता है।

NRI – भारतीय नागरिक जो विदेश में रहते हैं
OCI – भारतीय मूल के विदेशी नागरिक

अनाथ, घर वालों द्वारा छोड़ दिए गये या घर छोड़ने को मजबूर बच्चों के अडॉप्शन के प्रकार :

- स्वदेश में अडॉप्शन
- विदेश में अडॉप्शन
- देश में रिश्तेदार द्वारा गोद लेना
- विदेशी रिश्तेदार द्वारा गोद लेना
- सौतेले माँ/बाप द्वारा गोद लेना
- फॉस्टर अडॉप्शन

## बड़े बच्चों के लिए पारिवारिक देखभाल

### फॉस्टर केयर –

बच्चों को अस्थायी तौर पर परिवार में प्यार, देखभाल और सुरक्षा देने का तरीका है फॉस्टर केयर।

- **बच्चों की पात्रता :** 6 से 18 साल तक के बच्चे फॉस्टर केयर के लिए पात्र हैं।
- **अभिभावकों की पात्रता :** जो लोग भारत में रहते हैं और बच्चे को फॉस्टर करना चाहते हैं, वे CARINGS पोर्टल (carings.wcd.gov.in) पर रजिस्टर कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए मॉडल फॉस्टर केयर गाइडलाइन्स, 2024 पढ़ें।

### फॉस्टर अडॉप्शन –

फॉस्टर केयर को अडॉप्शन में बदला जा सकता है, अगर :

- बच्चे को फॉस्टर केयर में दो साल पूरे हो चुके हैं।
- बच्चा अडॉप्शन के लिए विधिक रूप से विमुक्त (LFA) है।
- बच्चे और माता-पिता दोनों ने अडॉप्शन के लिए सहमति दी है।

### अवैध अडॉप्शन से बचें –

कोई भी व्यक्ति या संस्था जो किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के प्रावधानों की अनुपालना किए बिना किसी अनाथ, परित्यक्त एवं अभ्यर्पित बच्चे के दत्तक-ग्रहण से जुड़ा/ जुड़ी रही हो, वह दण्ड के योग्य होगी।

CBC 46102/11/0001/2425

(अधिक जानकारी के लिए CARA हेल्पडेस्क से संपर्क करें : 1800-11-1311)

### अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के साथ संबंधों पर चर्चा में कहा

# रिश्ते तो बहुत अच्छे, लेकिन हाई टैरिफ समस्या आशा है वस्तुओं पर शुल्क में जल्द होगी कटौती

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उम्मीद जताई है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ में कटौती करेगा। उन्होंने कहा कि भारत के साथ हमारे बहुत अच्छे संबंध है, लेकिन वह अमेरिकी उत्पादों पर सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में शामिल है। ट्रंप ने इसके साथ ही अपनी उस धमकी को दोहराया भी है कि वह दो अप्रैल से भारत पर पारस्परिक शुल्क (रेसिप्रोकल टैरिफ) लगाएंगे। ट्रंप ने अमेरिकी न्यूज वेबसाइट ो दिए एक इंटरव्यू में भारत के साथ अमेरिका के संबंधों पर चर्चा करते हुए यह बात कही। मोदी के साथ व्हाइट हाउस में हुई वार्ता के बारे में पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि भारत के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे हैं, लेकिन भारत के साथ इकलौती समस्या यह है कि वह दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में एक है।

1 भारत दुनिया में सबसे अधिक टैरिफ लगाने वाले देशों में से एक

2 2 अप्रैल से भारत के बराबर ही टैरिफ लगाने की भी दी चेतावनी

## आइएमईसी अद्भुत देशों का समूह

भारत-पश्चिम एशिया-यूरोप आर्थिक गलियारे के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने खासतौर पर चीन का जिक्र नहीं किया, लेकिन कहा कि यह अद्भुत देशों का समूह है, जो व्यापार पर हमें नुकसान पहुंचाने वाले दूसरे देशों का मुकाबला करने के लिए एक साथ आ रहे हैं। ट्रंप ने कहा कि हमारे पास व्यापार में साझेदारों का एक शक्तिशाली समूह है। हम उन साझेदारों को बुरा व्यवहार करने की अनुमति नहीं दे सकते लेकिन हम अपने दुश्मनों के साथ कई मायनों में अपने दोस्तों की तुलना में कहीं बेहतर बर्ताव करते हैं।

### यूक्रेन के साथ खनिज को लेकर बड़ा समझौता किया

यूक्रेन के साथ खनिज को लेकर हुए समझौते के बारे में ट्रंप ने कहा कि हम दुनिया भर में दुर्लभ मृदा और खनिजों तथा बहुत सी अन्य चीजों को अनलॉक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर समझौतों पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। विशेष रूप से, हम यूक्रेन और रूस के संबंध में बहुत अच्छा कर रहे हैं। हम जितने काम कर रहे हैं।

## संघीय शिक्षा विभाग बंद, ट्रंप ने किए हस्ताक्षर



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका में शिक्षा विभाग को बंद करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को इस संबंध में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर भी कर दिए। संघीय शिक्षा विभाग को बंद करने संबंधी अहम दस्तावेज पर हस्ताक्षर से पहले ट्रंप एक स्कूल में पहुंचे। जहां उन्होंने बच्चों से पूछा कि क्या उन्हें साइन करना चाहिए? बच्चों ने सहमति में सिर हिलाए, जिसके बाद ट्रंप ने कहा, 'मैं बहुत भाग्यशाली हूं। मैंने एक और दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए जो देश के लिए बहुत अच्छा साबित होगा।' ट्रंप ने हस्ताक्षर से पहले मेज पर रखी कलमों का इस्तेमाल करने से इनकार कर दिया और अपनी जेब से कलम निकाली।

## मस्क को बड़ा झटका, अदालत ने सूचना जुटाने से रोका

अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने एलन मस्क को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत जज ने एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) को समाजिक सुरक्षा प्रशासन प्रणालियों से अस्थाई रूप से रोक दिया है। जहां मैरीलैंड में अमेरिकी जिला न्यायाधीश एलेन हॉलैंडर ने यह निर्णय लिया कि डीओजीई टीम को सामाजिक सुरक्षा प्रशासन (एसएसए) प्रणालियों से अस्थायी रूप से रोक दिया जाए। बता दें कि मस्क की ये प्रणालियां लाखों अमेरिकियों का व्यक्तिगत डेटा रखती हैं। डीओजीई टीम को उस सभी व्यक्तिगत जानकारी को हटाने का आदेश दिया गया है ।

# लगातार उभरते आतंकवाद पर जताई चिंता, निपटने के लिए व्यापक रणनीति विकसित करने पर ध्यान केंद्रित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

### आतंकवाद के मुद्दे पर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक




रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आतंकवाद लगातार उभरती हुई चुनौती बना हुआ है, जिसके खतरे लगातार सीमाओं को पार कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद का मुकाबला करने की दिशा में भारत के प्रयासों पर प्रकाश डाला। आतंकवाद के मुद्दे पर आसियान रक्षा मंत्रियों की बैठक-प्लस (एडीएमएम-प्लस) विशेषज्ञ कार्य समूह (सीटी पर ईडब्ल्यूजी) की 14वीं बैठक 19 से 20 मार्च तक नई दिल्ली में हुई। बैठक में आसियान सचिवालय, आसियान देशों- लाओ पीडीआर, मलेशिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, सिंगापुर, थाईलैंड, मलेशिया, फिलीपींस और वियतनाम, एडीएमएम-प्लस सदस्य राज्यों में चीन, अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और कोरिया गणराज्य के प्रतिनिधिमंडलों ने भाग लिया। रक्षा सचिव ने कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति अपनी जीरो टॉलरेंस नीति पर पूरी तरह से दृढ़ है।

## गबार्ड की भारत यात्रा मजबूत अमेरिका और भारत संबंधों को उजागर करती है: यूएस



अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक ने रायसीना डायलॉग में भी भाषण दिया

भारत में अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गब्बार्ड की बैठकें खुफिया जानकारी साझा करने, रक्षा, आतंकवाद निरोधक उपायों और अंतरराष्ट्रीय खतरों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग पर केंद्रित थीं। अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) के कार्यालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि गबार्ड की नई दिल्ली यात्रा ने दशकों पुराने मजबूत अमेरिका-भारत संबंधों को उजागर किया है, जिसे प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व और उनकी मित्रता से बल मिला है। गबार्ड ढाई दिन की यात्रा पर रविवार तड़के यहां पहुंचीं। यह डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के किसी शीर्ष अधिकारी की पहली उच्चस्तरीय भारत यात्रा थी।

## नागपुर हिंसा: अदालत ने 17 आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेजा

नागपुर (भाषा)। नागपुर की एक स्थानीय अदालत ने यहां हुई हिंसा के सिलसिले में गिरफ्तार 17 लोगों को 22 मार्च यानी शनिवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। आरोपियों को बृहस्पतिवार रात मजिस्ट्रेट मैमुना सुल्ताना के समक्ष पेश किया गया और पुलिस ने उनकी सात दिनों की हिरासत का अदालत से अनुरोध किया लेकिन अदालत ने केवल दो दिन की हिरासत को मंजूरी दी। इन लोगों को गणेशपेठ पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। वहीं महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस विदर्भ के सबसे बड़े शहर नागपुर में 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद पहली बार शुक्रवार देर शाम यहां पहुंचे।

मुख्यमंत्री फड़णवीस हिंसा के बाद पहली बार नागपुर पहुंचे

## लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट बंद, 1300 फ्लाइट कैंसिल, 3 लाख यात्री प्रभावित

*लंदन (भाषा)। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में हीथ्रो एयरपोर्ट शुक्रवार को बंद कर दिया गया। एयरपोर्ट के पास एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन में आग लगने की वजह से एयरपोर्ट की बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी। इसके चलते 1300 फ्लाइट्स सस्पेंड हुई हैं, जिनसे 2 लाख 91 हजार पैसेंजर्स प्रभावित हुए हैं। आग वेस्ट लंदन के हेस में लगी थी। इस वजह से 5 हजार से ज्यादा घरों की बिजली गुल हुई। करीब 150 लोगों को यहां से सुरक्षित निकाला गया है। फायर ब्रिगेड ने 70 फायर फाइटर्स के आग पर काबू पाया।*

पावर स्टेशन में आग लगने से सभी ऑपरेशन रोके गए

## नेवी अफसर सौरभ हत्याकांड, मुस्कान और साहिल को शिमला ले जाया जाएगा

*मेरठ(एजेंसी)। मेरठ में मर्चेंट नेवी अफसर सौरभ हत्याकांड में नए खुलासे हो रहे हैं। जांच में पता चला है कि वारदात के बाद जो मां मुस्कान को थाने लेकर गई और फांसी देने की मांग कर रही थी, वह मुस्कान की सौतेली मां है। सौरभ के 4 टुकड़े करने के बाद मुस्कान और साहिल ने 15 दिन के लिए मेरठ से टैक्सी बुक की। इससे दोनों मेरठ से शिमला, मनाली और कसौल गए। मुस्कान ने साहिल के साथ शिमला में ही होली खेली थी। अब पुलिस दोनों आरोपितों को लेकर उत्तराखंड और हिमाचल के शिमला जाएगी। मेरठ के सौरभ राजपूत हत्याकांड के तार तांत्रिक क्रिया से भी जुड़ते नजर आ रहे हैं।*

दोनों ने हत्या करके शिमला में ही होली मनाई

### रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध विराम की तैयारी

# शांति सेना बनाने की तैयारी तीस देशों ने साथ की बैठक



एजेंसी ▶▶ कीव

रूस-यूक्रेन के बीच सीमित युद्ध विराम को लेकर अमेरिका के अलावा अन्य देश भी तैयारी कर रहे हैं। ब्रिटेन में यूक्रेन की सुरक्षा को लेकर लगभग 30 देशों के सैन्य प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। यह बैठक लंदन के पास नॉर्थवुड सैन्य अड्डे पर हुई, जहां सैन्य प्रमुखों ने इस बात पर चर्चा की कि भविष्य में यूक्रेन की रक्षा के लिए किस तरह काम किया जाए।

ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने कहा कि यूक्रेन में शांति तभी टिकेगी, जब सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। उन्होंने जोर दिया कि किसी भी शांति समझौते की रक्षा के लिए प्रभावी सुरक्षा उपाय होने चाहिए। सभी ने यूक्रेन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय शांति सेना की योजना को अंतिम रूप देने पर बात की। स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन और फ्रांस के नेतृत्व में गठबंधन योजना आगे बढ़ रही है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने देश सेना भेजने के लिए तैयार हैं।

### युद्ध समर्थक समूह में बदल रहे: रूस

स्टार्मर ने कहा कि अमेरिका की भागीदारी इस सुरक्षा योजना के लिए आवश्यक होगी, ताकि रूस को यह स्पष्ट संदेश दिया जा सके कि किसी भी समझौते का उल्लंघन गंभीर परिणाम लाएगा। वहीं रूस ने इस बैठक पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने आरोप लगाया कि यूरोप तेजी से सैन्यीकरण की ओर बढ़ रहा है और युद्ध समर्थक समूह में बदल रहा है। पश्चिमी देशों पर यूक्रेन संकट को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। रूस ने कहा है कि वह यूक्रेनी धरती पर नाटो देशों के किसी भी सैनिक को स्वीकार नहीं करेगा।

## हिंदू सांसद चंद्र आर्य अब नहीं लड़ पाएंगे चुनाव, काटा टिकट

ओटावा (एजेंसी)। कनाडा का खालिस्तान प्रेम एक बार फिर सामने आया है। खालिस्तान की खुलकर आलोचना करना हिंदू सांसद चंद्र आर्य को भारी पड़ गया है। दरअसल, सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी है। खालिस्तान समर्थक कही जाने वाली ट्रूडो की पार्टी ने उनका टिकट ही काट दिया है। कनाडा के हिंदू सांसद चंद्र आर्य ने बताया कि लिबरल पार्टी ने नेपियन में फिर से चुनाव लड़ने के लिए उनके नामांकन को रद कर दिया है।



खालिस्तान के खिलाफ बोलना पड़ा भारी

### मोदी पांच अप्रैल को श्रीलंका की यात्रा करेंगे

कोलंबो (भाषा)। प्रधानमंत्री मोदी पांच अप्रैल को श्रीलंका की यात्रा पर आएंगे। राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने यह जानकारी दी। समाचार पोर्टल के मुताबिक, दिसानायके ने संसद में अपने संबोधन के दौरान मोदी की यात्रा की तारीख की घोषणा की। विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि मोदी 2024 में राष्ट्रपति दिसानायके की दिल्ली यात्रा के दौरान हुए समझौतों को अंतिम रूप देने के लिए कोलंबो आएंगे।

# पाक संग संबंधों में 'नई सुबह लाने की इच्छा का भारत ने दिया जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तानी उच्चायोग के प्रभारी (चार्ज डी अफेयर्स) साद अहमद वराइच द्वारा बीते गुरुवार रात नवरोज के साथ मनाए गए अपने राष्ट्रीय दिवस समारोह में भारत के साथ संबंधों में नई सुबह लाने की इच्छा जताई गई है। भारत की इस समारोह में हालांकि किसी तरह की भागीदारी नहीं रही। जब इसे लेकर शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया साफ तौर पर यह जानती है कि असली मामला तो पाकिस्तान द्वारा बढ़ावा दिए जाने वाले और पाक प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद से जुड़ा हुआ है। जो समूचे क्षेत्र की शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर बाधा बना हुआ है। जहां तक राष्ट्रीय दिवस समारोह में भारत को बुलाने का सवाल है तो कोई भी निमंत्रण तो रिश्तों पर निर्भर करता है ना। पुलवामा हमले के बाद भारत ने 5 अगस्त 2019 को जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया था।



असली मुद्दा पाक प्रायोजित सीमापार आतंकवाद का है, जिससे भंग हो रही क्षेत्र की शांति-सुरक्षा: जायसवाल

## चरमपंथियों को दिए गए लाइसेंस की वजह से कनाडा संग खराब हुए रिश्ते : जायसवाल

नई दिल्ली(ब्यूरो)। कनाडा में हालिया हुए सत्ता परिवर्तन के बीच भारत की एक महत्वपूर्ण टिप्पणी सामने आई है। जिसमें शुक्रवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चरमपंथी और अलगाववादी तत्वों को कनाडा में दी गई खुली छूट यानी लाइसेंस की वजह से भारत के साथ उसके रिश्तों में गिरावट आई है। रणधीर की यह टिप्पणी ट्रूडो की अगुवाई वाली कनाडा की पिछली सरकार के संदर्भ में की गई। हालांकि अब वहां पर सत्ता परिवर्तन की कवायद तेजी से आगे बढ़ रही है और आने वाले समय में कनाडा में मार्क कार्नी नए प्रधानमंत्री बनने वाले हैं। जिसे लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने उम्मीद जताते हुए कहा कि दोनों देश अपने संबंधों का आपसी विश्वास और संवेदनशीलता के आधार पर पुनर्निर्माण कर सकते हैं।

वित्त मंत्रालय
MINISTRY OF FINANCE

जीएसटी करदाता ध्यान दें!

जिन करदाताओं का सकल वार्षिक टर्नओवर# एक विनिर्दिष्ट सीमा* तक है
वे वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जीएसटी कंपोजिशन योजना का विकल्प 31 मार्च, 2025 तक चुन सकते हैं।

पात्र करदाता, जो कंपोजिशन योजना का लाभ उठाने के इच्छुक हैं, वे जीएसटी पोर्टल (www.gst.gov.in) पर निम्न प्रक्रिया द्वारा कंपोजिशन योजना का विकल्प चुन सकते हैं:

करदाता इंटरफेस पर लॉगिन करें
'Services > Registration > Application to Opt for Composition Levy' पर जाएं
फॉर्म GST CMP-02 भर कर जमा करें

पहले से कंपोजिशन योजना का लाभ उठा रहे पात्र करदाताओं को फॉर्म GST CMP-02 दाखिल करना आवश्यक नहीं है

आसान और सुविधाजनक अनुपालन
आकर्षक कर दरें
न्यूनतम अनुपालन आवश्यकताएं
स्वतः नवीकरण और योजना को छोड़ना भी सरल
माल एवं सेवाओं की आपूर्तिकर्ताओं के लिए उपलब्ध
कम बही खातों की आवश्यकता

| * आपूर्तिकर्ताओं के प्रकार | | # वित्त वर्ष 2024-25 में सकल वार्षिक टर्नओवर |
|---|---|---|
| माल के आपूर्तिकर्ता | 08 विनिर्दिष्ट राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु. 75 लाख तक |
| | अन्य राज्यों में पंजीकृत करदाता | रु. 150 लाख तक |
| सेवाओं के आपूर्तिकर्ता | | रु. 50 लाख तक |

अधिक जानकारी के लिए कृपया जीएसटी अधिनियम की धारा 10, सीजीएसटी नियम 3 से 7 और अधिसूचना सं. 14/2019-केन्द्रीय कर दिनांक 07.03.2019, को देखें।

जीएसटी कंपोजिशन योजना: छोटे करदाताओं के लिए बड़े लाभ

अधिक जानकारी के लिए कृपया स्कैन करें

CBC 15502/13/0009/2425

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड
@cbicindia @cbic_india @cbicindia @cbicindia @CBIC india

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25